डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 09 जून 2024, वर्ष-30, अंक-231, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



महायुति विस चुनाव में जीत हासिल करेगी काम...

सेंसेक्स
76,693.36 +1,618.85

डॉलर
83.525 +0.059

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,300
01 किलो 89,060

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# सरकार गठन को लेकर पूरी हुई चर्चा



- मोदी से मिले अमित शाह और जेपी नड्डा, साझा की वार्ता की जानकारी
- देर रात या रविवार सुबह संभावित मंत्रियों को सूची किया जाएगा
- प्रधानमंत्री आज शाम सवा सात बजे लेंगे पद और गोपनीयता की शपथ

### प्रधानमंत्री के साथ कई और मंत्रियों के भी शपथ लेने की है संभावना

**नई दिल्ली।** एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी रविवार को शाम 7:15 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नरेंद्र मोदी को पीएम पद की शपथ दिलाएंगी। उनके साथ ही उनके कई मंत्रियों के भी पद और गोपनीयता की शपथ लेने की संभावना है। बताया जा रहा है कि सरकार गठन के स्वरूप और मंत्रिमंडल गठन को लेकर फिलहाल चर्चा पूरी हो गई है। पिछले दो दिनों में एनडीए में शामिल सहयोगी दलों के नेताओं के साथ-साथ अपनी पार्टी के अंदर ही नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें सारी जानकारियों से अवगत करा दिया है। यह माना जा रहा है कि जेपी नड्डा और अमित शाह ने प्रधानमंत्री को सहयोगी दलों के नेताओं की भावनाओं के साथ-साथ भाजपा से जुड़े तमाम समीकरणों की भी जानकारी से अवगत कराया होगा। मंत्रिमंडल का गठन करना प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार होता है इसलिए इस बारे में तमाम पक्षों, सहयोगी दलों और अपनी पार्टी की राय जानने के बाद अंतिम फैसला नरेंद्र मोदी ही करेंगे। यह बताया जा रहा है कि कैबिनेट के सहयोगियों के नामों को लेकर नरेंद्र मोदी द्वारा अंतिम फैसला करने के बाद प्रोटोकॉल के तहत आज देर रात तक या फिर रविवार को सुबह उन तमाम शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण के मद्देनजर सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम

### राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली रविवार और सोमवार को 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार व सोमवार ( 09 और 10 जून) के लिए 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित कर निषेधाज्ञा लागू की गई है। दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने इस आशय का आदेश शुक्रवार को जारी किया। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए रविवार शाम 7:15 बजे शपथ ग्रहण करेंगे। इस मौके पर मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्यों को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। बताया गया है कि शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनी, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर (अचूक निशानची) को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के सदस्य देशों की गणमान्य हस्तियों को आमंत्रित किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी हाई अलर्ट पर रहेगी। पुलिस आयुक्त अरोड़ा ने आदेश में कहा है, "ऐसा बताया गया है कि भारत के प्रति शत्रुता रखने वाले कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।" इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। दिल्ली पुलिस ने महानगर के लीला, ताज, आईटीसी मौर्या, क्लेरिजेस और ओबेरॉय जैसे होटल को पहले ही सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के दिन दिल्ली पुलिस के स्वाट और एनएसजी के कमांडो राष्ट्रपति भवन एवं विभिन्न अहम स्थानों के आसपास तैनात रहेंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह आयोजन राष्ट्रपति भवन के अंदर होना है, इसलिए परिसर के अंदर और बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा होगी। बाहरी घेरे पर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। उसके बाद अर्धसैनिक बल के जवान और भीतरी घेरे में राष्ट्रपति भवन की आंतरिक सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे। अधिकारियों का कहना है कि रविवार शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री पर हमले की पीएम मोदी ने की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हुए हमले की निंदा की है। पीएम मोदी का कहना है वह प्रधानमंत्री पर हुए हमले की खबर से बहुत चिंतित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हमले की खबर सुनकर मैं बहुत चिंतित हूं। हम हमले की निंदा करते हैं। मैं अपनी मित्र के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। रिपोर्ट के अनुसार, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर कोपेनहेगन की सड़क पर हमला हुआ। हमले में प्रधानमंत्री को मामूली चोट आई थीं, लेकिन वह सुरक्षित हैं और सदमे में हैं। दुनिया के कई टॉप नेताओं ने भी डेनमार्क की प्रधानमंत्री पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब देश में वोटर्स रविवार को यूरोपीय संसद के सदस्यों का चुनाव करने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रेडरिक्सन ने अतीत में पीएम मोदी की सराहना करते हुए उन्हें बाकी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत बताया था। डेनमार्क दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसके साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी काफी मजबूत है।

## आज | कल




## जेल में सीएम चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन की मुलाकात

ब्यूरो रिपोर्ट



**रांची।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद की पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच वर्तमान परिस्थितियों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा हुई है। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने हेमंत को लोकसभा चुनाव की प्रतिक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके पहले अंतिम चरण के मतगणना और चुनाव परिणाम से पहले 31 मई की सुबह भी चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। जानकार सूत्रों का मानना है कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा के उप चुनाव में जीतने के बाद पार्टी या सरकार में महत्पूर्ण पद देने को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। लोकसभा चुनाव में कल्पना ने जिस तरह पार्टी की कमान संभाली है, उसकी हर तरफ तारीफ हो रही है।

## राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। हांलाकि बताया यह भी जा रहा है कि फिलहाल राहुल ने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकारने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अभी इस बारे में विचार करने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बेहतर स्थिति में है। वह 99 सदस्यों के साथ संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्ष का नेता पद का दावा करने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत निर्वाचित सदस्य होने जरूरी हैं। पिछले दो लोक सभा चुनावों में कोई भी दल इस आहर्ता को पूरा नहीं कर सका था। कांग्रेस इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी है। आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले सभी पार्टी नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता पद स्वीकार करना चाहिए। शनिवार सायंकाल ही कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी आयोजित की जानी है, जिसमें संसदीय दल का नेता चयनित किया जाएगा।

## सर्वसम्मति से पुनः कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी कार्यसमिति की बैठक के बाद शनिवार की शाम सेंट्रल हॉल में संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी को दल की नेता बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। सोनिया गांधी का संसदीय दल के अध्यक्ष पद के इस प्रस्ताव का पार्टी के सांसद गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने समर्थन किया। सेंट्रल हॉल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सोनिया गांधी जी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का अध्यक्ष चुना गया है। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि सर्वसम्मिति से लिए इस निर्णय को मानते हुए सोनिया गांधी जी ने पद को स्वीकार कर लिया है। सोनिया गांधी के पुनः कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुने जाने पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हमारे लिए एक भावुक पल शेष पृष्ठ 11 पर

## ट्रैफिकिंग की शिकार 14 लड़कियों सहित 21 को कराया मुक्त

- दो प्लेसमेंट एजेंसियों से झारखंड से छह बच्चे मिले, इनमें गुमला और सिमडेगा से तीन-तीन बच्चे
- छापे के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकद और सोने के आभूषणों की हुई बरामदगी
- 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 को शकरपुर से मुक्त कराया
- बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के रहने वाले



**रांची।** दिल्ली के दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापे की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। इनमें झारखंड के कुल छह बच्चें शामिल है। गुमला से तीन तथा सिमडेगा से तीन बच्चें है। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर शेष पृष्ठ 11 पर

### दो दिनों बाद बच्चें पहुंचेंगे रांची

प्लेसमेंट एजेंसियों पर हुई छापेमारी में गुमला तथा सिमडेगा से छह बच्चे हैं। गुमला सिमडेगा के सी डब्लू सी से का दिल्ली सी डब्लू सी से बातचीत के बाद पता चला कि अगले दो दिनों में रेलवे टिकट कंफर्मेशन के बाद सभी बच्चों को रांची लाया जाएगा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड के सदस्य उज्जवल तिवारी ने कहा कि बच्चों को सी डब्लू सी में लाया जाएगा उसके बाद उन्हें बाल सुधार होम्स में रखा जाएगा जहां पर उनके वास्तविक परिजनों से उनकी बातचीत कराई जाएगी। इस दौरान यह देखा जाएगा कि परिजन बच्चों के देखभाल कर सकते हैं या नहीं अगर अभिभावक समर्थ होंगे तो ऐसी स्थिति में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड के तहत उन बच्चों को छोटी-छोटी स्किल योजनाओं से जोड़कर उन्हें उद्योग धंधा करने के लिए तैयार किया जाएगा।

## इंडिया




सुनील बादल

**चुनाव जीतने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने वाले ये नेता अभी चुप हैं क्योंकि यदि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं थी तो उन्हें 232 सीटें कैसे मिलीं?**

## संविधान और न्यायालय तक को खतरे में बताने की घातक राजनीति

चुनाव समाप्त हुए अभी कुछ ही दिन बीते हैं और अभी भी संविधान खतरे में है, नरेंद्र मोदी फिर सत्ता में आए तो यह अंतिम चुनाव होगा, इवीएम को हैक किया जाएगा, गृह मंत्री अमित शाह ने 150 डीएम को धमकी देकर जिताने को कहा, आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा, चुनाव आयोग सरकार के प्रभाव में है और न्यायालय तक को मैनेज किया गया है जैसे बयान लोगों के जहन में गूंज रहे हैं। अपने आरोपों को भूल वे वरिष्ठ नेता गए जो भ्रम फैलाकर पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे थे। चुनाव जीतने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने वाले ये नेता अभी चुप हैं क्योंकि यदि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं थी तो उन्हें 232 सीटें कैसे मिलीं? भाजपा अपने सबसे भरोसेमंद गढ़ यूपी जहां उन्होंने इतने काम किए हार कैसे गई? इनका जवाब पब्लिक इनसें मांगती। मोदी जी आज सरकार बनाने जा रहे हैं और ऐसा कोई कारण नहीं कि संविधान खतरे में हो या आरक्षण समाप्त किया जाए या अंतिम चुनाव हो उल्टे कंगना राणावत पर चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर हमला करने वाली सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल को सही ठहराने की मुहिम को खुले आम समर्थन देकर कई नेताओं ने देश की संवैधानिक व्यवस्था को जरुर ध्वस्त करने का प्रयास किया है क्योंकि पुलिस या सेना जैसे अनुशासित संगठन की सुरक्षाकर्मी यदि अपनी राजनीतिक पसंद नापसंद के आधार पर यदि सांसद को थप्पड़ मारे और उसे उचित ठहराए लोग उसे शेरनी कहें तो संविधान की रक्षा कैसे होगी और कौन करेगा? विश्व की सुरक्षा व्यवस्था मोटे तौर पर पुलिस,अर्द्धसैनिक बल और सेना के अनुशासन पर टिकी है और उसका



अनुशासन टूट जाए तो पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी जैसे पड़ोसी पाकिस्तान या अफगानिस्तान में कमोबेश में हो रही है। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या और राजीव गांधी के श्रीलंका दौरे पर वहां के सुरक्षाकर्मी के हमले के बाद लिट्टे समर्थकों द्वारा हत्या में ऐसी ही विचारधारा काम कर रही थी। क्या कांस्टेबल कुलविंदर को शेरनी बताने वालों को यह नैतिक अधिकार है कि वे दो प्रधानमंत्रियों पर हुए हमले को कुनबे के सम्मान की रक्षा बता सकें? यदि कहें भी तो क्या व्यक्तिगत विचारधारा के प्रभाव में वर्दी पहनकर मनमाने फैसले लेना उस देश के हित में है। भ्रामक और जहरीले बयान देकर वोट लेने की राजनीति का ही परिणाम है कि कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो ने नवनिर्वाचित मोदी सरकार को बधाई तो दी है साथ ही मुफ्त की सलाह भी दी है कि आशा है कानून के हिसाब से देश चलेगा ।क्या भारत में कानून का राज नहीं या चुनाव निष्पक्ष नहीं संवैधानिक संस्थाएं निष्पक्ष नहीं? फिर विपक्ष इतनी सीटें ले कैसे आया? भाजपा उम्मीद से कम और स्वयं बहुमत से पीछे कैसे रह गई? कहा जाता है की प्यार और युद्ध में सब जायज है पर राजनीति न तो कहीं से युद्ध है और न प्यार। आज की हमारी कही हुई बातें कब हमारे गले की फांस बन जाए कहा नहीं जा सकता वो भी सोशल मीडिया के जमाने में। राजनीति राष्ट्रधर्म से जुड़ी हो जिसमें देश की भलाई छिपी हो न कि व्यक्तिगत जीत के लिए देश की छवि को धूमिल किया जाए ।क्योंकि सत्ता बदलती रहती है और सत्ता संभालने के बाद अपने जहरीले बयानों पर शर्मिंदा होने की नौबत न आ जाए। इवीएम में जब जीत जाएं तो गड़बड़ी नहीं और हार जाएं तो गड़बड़ी। चुनाव आयोग पर प्रश्न उठाने वाले चुनाव आयुक्त को मुख्यमंत्री बनाने के मुद्दे पर बगलें झांकते नजर आएंगे ।राज्य सरकारों को बर्खास्त करने संबंधी अनुच्छेद 356 शामिल किया गया तो उसका विरोध हुआ। आंबेडकर जी ने इस अपेक्षा से इस अनुच्छेद को संविधान का हिस्सा बनाया कि इसके इस्तेमाल की नौबत कम ही आएगी, लेकिन नेहरू से लेकर नरसिंह राव के समय 356 का मनमाना इस्तेमाल हुआ। पिछले वर्ष फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में बताया था कि कांग्रेस की सरकारों ने करीब 90 बार 356 का इस्तेमाल कर राज्य सरकारों को गिराया। इंदिरा गांधी ने तो लगभग 50 बार 356 का इस्तेमाल किया। यह भी किसी से छिपा नहीं कि आपातकाल के दौरान किस तरह संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और समाजवाद शब्द जोड़े गए ।कांग्रेस संविधान खत्म होने का शोर लगातार मचा रही है, इसलिए बीते दिनों प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया कि यदि आंबेडकर जी आ जाएं तो वह भी संविधान नहीं खत्म कर सकते। मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके लिए सबसे पवित्र किताब संविधान है और देश इससे ही चलेगा। उन्होंने अपने संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रति का नमन करके उसके प्रति अपनी निष्ठा फिर प्रकट की। यदि मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने और अपने तीसरे कार्यकाल में बड़े बदलावों की बात कर रहे हैं तो क्या इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि वह संविधान और लोकतंत्र खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं?

## 11 जून को कई विभागों की होगी समीक्षा, पीपीटी तैयार कर रहा विभाग

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की 11 जून से समीक्षा बैठक को देखते हुए राज्य का ग्रामीण विकास विभाग शनिवार अवकाश के बावजूद आज खुला रहा। मुख्यमंत्री की बैठक के लिए तीन स्लाइड में पीपीटी तैयार कराया जा रहा है, जिलों से योजनाओं की स्थिति पर रिपोर्ट ली गयी। ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मनरेगार, प्रधानमंत्री आवास योजना व बिरसा हरित ग्राम योजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गयी। इसके अलावा पंचायती राज विभाग की पंचायत सचिवालय, 15वां वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं की भी रिपोर्ट बनायी गयी। मुख्यमंत्री 11 जून को विकास योजनाओं सहित विधि व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे। पुलिस अधिकारियों के साथ लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा के साथ सबसे पहले ग्रामीण विकास विभाग की ही योजनाओं की समीक्षा प्रोजेक्ट भवन सभागार में की जानी है।





# डाक बंगला भवन में युवक का मिला शव, क्षेत्र में सनसनी

## हत्या की आशंका, पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप वर्षों से वीरान पड़े डाक बंगला भवन में शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे पांकी निवासी रघुनाथ ठाकुर के 22 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार सोनू कुमार सैलून में कार्य करता था। पिछले कुछ समय से वह परेशान चल रहा था। इस बीच उसके परिजनों को कर्पूरी ठाकुर चौक के समीपे डाक बंगला भवन में उसका शव पड़ा है। शव मिलने के बाद मृतक के परिजन शव लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सक डा. शिव शंकर ने युवक मृत घोषित कर दिया।



चिकित्सक ने बताया कि शव के गर्दन पर गहरा निशान पाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पांकी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई। शव को अपने कब्जे में ले कर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच भेज दिया। मृतक की मां ने बताया कि उनका पुत्र 10 हजार रूपया कर्ज लिया था। समय पर पैसा नहीं लौटने पर धमकी भी दी गई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। बता दें कि पांकी का कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप डाक बंगला परिसर जुआरियों व शराबियों का अड्डा बना रहता है।


# विद्यालय में फंदे से लटका मिला प्रध्यानाध्यपक का शव, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जिले के छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के न्यू प्राथमिक विद्यालय चुरवाही के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतन सिंह का शव स्कूल के बरामदे में फंदे से लटका शनिवार सुबह बरामद किया गया। संदिग्ध स्थिति में शव विद्यालय से बरामद होने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गयी है। प्रधानाध्यापक जीतन सिंह का घर विद्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छत्तरपुर के थाना प्रभारी राजेश रंजन मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दिए हैं। बताते चलें कि छत्तरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा पंचायत के अक्काबसा टोला के चुरवाही नव प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतन सिंह हर दिन अपनी पत्नी इंद्री देवी व छोटे पुत्र के साथ स्कूल में ही सोते थे। उनका घर विद्यालय से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर है। जबकि विद्यालय के बगल में उनका खेत भी है। जीतन सिंह अपने खेत की रखवाली करने के लिए रात में विद्यालय में ही सोते थे। मृतक की पत्नी इंद्री देवी ने बताया कि शुक्रवार की रात जीतन सिंह खाना खाने के बाद विद्यालय में सोने चले गए। पीछे से उनकी पत्नी वहां गईं तो देखा कि वे वहां नहीं हैं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद पत्नी विद्यालय में ही सो गईं। सुबह जब पत्नी उठीं तो देखा कि जीतन सिंह का शव विद्यालय के दरवाजे में गला में रसी से बंधे हुए संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ है। पत्नी के रोने व चीखने की आवाज सुनकर गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि जीतन सिंह का शव रस्सी के सहारे टंगा है। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेश रंजन मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक का शव स्कूल के बरामदे में पड़ा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक व उनकी पत्नी प्रतिदिन विद्यालय में ही सोते थे। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन प्रथम दृष्टया हत्या ही लग रहा है। इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### माइक्रो फाइलेरिया सर्वेक्षण के लिए बाजार प्रांगण में लगा रात्रि रक्तपट संग्रहण स्टॉल



**नावाबाजार।** माइक्रो फाइलेरिया सर्वेक्षण कार्य को ले शुक्रवार की रात नावाबाजार साप्ताहिक बाजार प्रांगण में रात्रि रक्तपट संग्रहण कार्य को लेकर स्टॉल लगाया गया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को ले जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया। वहां प्रोजेक्टर के माध्यम से फाइलेरिया रोग से संबंधित पूरी जानकारी लोगों को दी गई। साथ हीं इसके बचाव व सही समय पर इलाज कराने के संबंध में भी बताया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मेडिकल टीम व स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। जन जागरूकता के अभाव में लोग जांच व इलाज की प्रति गंभीर नहीं है। अगर यही स्थिति बनी रही तो अगले 10 वर्षों में यह क्षेत्र फाइलेरिया जोन के रूप में जाना जाएगा। ऐसे में अधिक से अधिक लोग आगे बढ़कर अपनी स्वास्थ्य की जांच कराएं। कहा कि रक्त संग्रह को लेकर स्टॉल में अपने रक्त का नमूना दें। टीम के लोगों ने स्थानीय प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, वरिष्ठ नागरिक को आगे बढ़कर अपना योगदान देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। बता दें कि फाइलेरिया के किटाणु रात में सक्रिय होते हैं। इस कारण विभाग के निर्देशानुसार रात में नाइट ब्लड सर्वे का कराया जा रहा है। नाईट ब्लड सर्वे अभियान 10 जून तक चलेगा। रात्रि रक्त पट्ट संग्रहण से जिले में फाइलेरिया रोग के संचरण की स्थिति का आंकलन किया जाएगा। मौके पर पंकज कुमार, संतोष कुमार, एमपीडब्ल्यू रमेश कुमार, सहिया बसंती देवी, मुजफ्फर अंसारी, सफिर आलम, सुरेश प्रसाद गुप्ता, सहित अन्य मौजूद थे।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में छह मुहान चौक पर शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान तहत बिना हेलमेट 13 दो पहिया वाहन चलाते जब्त कर 47 हजार रूपए का फाईन की वसूला गया। ट्रैफिक ने दो पहिया, चार पहिया वाहनों का गहनता पूर्वक जांच किया। जांच के क्रम में बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ शहर थाना में रखा गया। ट्रैफिक जब्त दो पहिया वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया। ट्रैफिक प्रभारी ने हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने की सलाह दिया। ज्यादातर दुर्घटनाएं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से हो रही हैं।

## एक नजर

### कोयल नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा



**मोहम्मदगंज।** थानान्तर्गत भीमचुल्हा शिव मंदिर के पास कोयल नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूबने से लापता है। युवक बिहार राज्य के नवीनगर थानान्तर्गत टंडवा का सोनू तिवारी बताया जाता है। वह कपड़ा फेरी का काम करता था। उसके साथ नदी में नहाने तीन युवकों ने जब काफी देर तक सोनू के बाहर नहीं निकलने पर हल्ला मचाया। मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, एसआई सुबीर किस्कू घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन शुरू कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक युवक की खोजबीन जारी है। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ लगी रही।

### बिजली का तार गिरा, भगदड़

**हैदरनगर।** हैदरनगर जपला मुख्य पथ पर रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की शाम 440 वोल्ट का विद्युत प्रवाहित एलटी तार गिर गया। तार गिरने से वहां मौजूद स्थानीय लोगों के अलावा स्टेशन जा रहे यात्रियों में भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शी भगवान सिंह ने बताया कि इस स्थान पर तार गिरने की घटना आम हो गई है। विभागीय अभियंताओं को बार-बार सूचना के बावजूद जर्जर तार को ठीक नहीं किया जा रहा है। फलस्वरुप इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हालांकि उन्होंने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय विधायक कमलेश सिंह को भी देने का कार्य किया है। साथ ही उन्होंने विभागीय अभियंता से जर्जर तार को अविलंब बदलने का आग्रह भी किया है।

### मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हरिहरगंज।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फरार आरोपी महेंद्र भुईयां पिता रघुनाथ भुइंया रजवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि महेंद्र के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। वह कई माह से वह फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# एमएमसीएच में पेयजल संकट, टैंकर से पानी उपलब्ध कराए प्रशासन : राजेंद्र सिन्हा

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सदर अस्पताल को एमएमसीएच में तब्दील कर दिया गया है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से पूरे जिले में भीषण पेजल संकट व्याप्त है और एमएमसीएच भी इससे अछूता नहीं है। लगभग एक सप्ताह से एमएमसीएच में बोरिंग के सुख जाने के कारण जल संकट गहरा हो गया है। लोग पीने के पानी से लेकर शौच जाने तक के लिए अपने पैसे खर्च कर रहे हैं। अस्पताल में एक ही बोरिंग है। जिससे नए और पुराने दोनों अस्पताल में पानी दिया जा रहा है। पूर्व में उपायुक्त के द्वारा नए अस्पताल में अलग बोरिंग करने का निर्देश दिया गया था। जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया। अपनी बेटी का इलाज करने पहुंचे झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भी अस्पताल में अव्यवस्था देखकर भड़क उठे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज पेयजल को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। इसके साथ इमरजेंसी में तीन डॉक्टरों को बैठने की व्यवस्था है। जिसमें से जूनियर रेजिडेंट अनुपस्थित थे। उन्होंने उपायुक्त और अस्पताल सुपरिंटेंडेंट से अपने शिकायत में कहा की स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर नगर निगम के द्वारा दो टैंकर रोज सदर अस्पताल के लिए उपलब्ध कराये जाने की मांग की।

# 20 कार्टून देशी शराब जब्त, चालक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर अवैध देशी शराब से लदी बोलेरो वाहन को जब्त किया है। जब्त बोलोरो में 20 पेटी देशी शराब बरामद किया गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस दल रात्रि गश्ती में निकली थी। इस दौरान सूचना मिली की एक बोलेरो पर देशी शराब जपला पथरा मुख्य सड़क होते हुए बिहार भेजी जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिये रात्रि गश्ती में निकले एसआई शशि शेखर पांडेय को दी। सूचना मिलते ही गश्ती दल टेंटा गांव स्थित स्कूल के पास पहुंची तो इसी क्रम में विपरित दिशा से आ रही बोलेरो



वाहन के चालक ने पुलिस को देखते ही वाहन को सड़क पर छोड़कर फरारा हो गया। बोलेरो वाहन नंबर बीआर 24 पी1413 की तलाशी लेने के क्रम में उसमें 20 पेटी शराब मिली। जिसमें कुल 960 बोतल देशी टनाका शराब पाया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त वाहन चालक व मलिक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को भेजा जाएगा।

# विधायक मद की राशि का लेखा-जोखा सार्वजनिक करें : ओंकार

**नीलांबर नीतांबरपुर।** पांकी विधायक द्वारा महापुरुषों के प्रतिमा लगाने के नाम पर विधायक मद की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। यदि ऐसा नहीं है तो उन्हें एक वर्ष के विधायक मद की राशि का लेखा-जोखा सार्वजनिक करना चाहिए, जिससे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यह पता चल सके कि प्रतिमा निजी पैसे से वितरण हो रहा है या विधायक मद से। ये बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वह शनिवार को लेस्लीगंज के हरसईन मोड़ स्थित कुशवाहा लाइन होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिमा देकर विधायक द्वारा ग्रामीणों को कहा जा रहा है कि चंदा लगाकर प्रतिमा स्थापित करना है। इससे यह बात सामने आ रही है कि विधायक कोटे कि राशि में भारी गोलमाल करने का प्लान है। विधायक कोटे की राशि का एक साल का कोटे राशि वितरण की सूची जारी कर यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि विधायक मद की राशि किस किस मद में और कितना खर्च हुआ हैं। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सिलाई मशीन बांटने के नाम पर भी विधायक मद की राशि का दुरूपयोग किया गया था। आम आदमी पार्टी ने पदार्फाश करने का काम किया था। पांकी विधानसभा में जनता की आवाज को कोई दबा नहीं सकता। प्रेस वार्ता में पार्टी के अरुण कुमार वर्मा, द्वारिका साहू, दिग्विजय पासवान, नागमणि मेहता, अमरेश सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** धनबाद रेल मंडल स्थित सीआई सेक्शन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर एक नाबालिग की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की जानकारी गढ़वा रोड आरपीएफ सहित नौगढ़ा ओपी को दी। घटनास्थल पर नौगढ़ा ओपी प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच कर ग्रामीणों की मौजूदगी में सरकारी प्रक्रिया पूरा करत शव को अपने कब्जे में लिया। मृत किशोर की पहचान गढ़वा जिला स्थित डंडा थाना के निमिया गांव निवासी किशुन चौधरी के पुत्र चंदन कुमार के रुप में हुई है। शुरू में किशोर की पहचान नहीं होने की स्थिति में घटना की जानकारी व उसके शव की पहचान को लेकर इंटरनेट साइट का सहारा लिया। जो पहचान में सही साबित हुआ। लालगढ़ गांव के बगल से बहने वाली कोयल नदी के दूसरे मुहाने पर डंडा थाना अवस्थित है। मृतक चंदन चौधरी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। एक दिन पूर्व वह अपनी बहन के घर शाहपुर गया था। स्टेशन पर उसके साथ यह घटना कैसे हुई इस संबंध में कोई जानकारी परिवार वालों को नहीं है।

# वी बाजार के कारण सड़क जाम, आम जनता परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य बाजार के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने वी बाजार के शुभारंभ होने से जहां सैकड़ों की तादाद में ग्राहक खरीदारी करने वी बाजार में जुट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से ग्राहकों के वाहनों के सड़कों पर खड़ा करने से आम राहगीरों एवं अगल-बगल के दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जाम में फंसे लोगों ने बताया कि वी बाजार के शुभारंभ होने के कारण प्रतिदिन सड़कों पर 40-50 की संख्या में मोटरसाइकिल एवं अन्य गाड़ियां खड़ी रहती हैं। जिस कारण यहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं फुटपाथ विक्रेताओं का कहना है कि आए दिन नगर पंचायत की तरफ से अतिक्रमण हटाने को लेकर हम लोगों को परेशान किया जाता है। वहीं इतने बड़े वी बाजार के शुभारंभ होने पर घंटों-मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है, पर इस तरफ किसी भी नगर पंचायत कर्मी एवं पदाधिकारी का ध्यान तक नहीं है। यहां तक की एसडीओ पीयूष सिन्हा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नियम का डंडा केवल गरीब-गुरबों पर ही चलता है। बड़े लोगों के पास इनका कोई नियम-कानून नहीं चल पाता। अब ऐसे में देखना यह दिलचस्प होगा कि आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी एवं हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा की क्या भूमिका रहती है...। वैसे बड़े वाहनों के प्रवेश होने से भी जाम की स्थिति बन जा रही है। जबकि पूर्व में एसडीएम व एसडीपीओ के संयुक्त आदेश पर सुबह आठ बजे के पहले व रात आठ बजे के बाद ही वाहनों की प्रवेश करने के लिए समय निर्धारित किया गया था, लेकिन ओवरब्रिज बनने के बाद बोर्ड हटने के बाद आदेश भी गायब हो गया।

**पर्यावरण**

## अतीत में समा गई कई जीवनदायिनी तालाब

# अतिक्रमण से सिमट रहे हैं नदी और तालाब

**नवीन मेल संवाददाता**


**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र के सरौना, कंडा, तुकबेरा आदि गांव की पहचान कभी तालाबों से ही हुआ करता था। वर्तमान में बड़े तालाब इतिहास का गवाह है। देख रेख के अभाव में तालाब में दिनों दिन पानी की गहराई कम होते जा रहा है। तालब के मेड़ को गांव के हीं लोगों ने अतिक्रमित कर लिया है। लोग बताते हैं कि एक समय था, जब काफी क्षेत्र में फैला यह तालाब सालों भर पानी से लबालब भरा रहता था, लेकिन अब यह गर्मी के दिनों में पूरी तरह सूख जाता है। प्रखंड हीं नहीं पूरे जिले में नदी, तालाबों सहित जलाशय स्थल का अस्तित्व खतरें में है। इसका एक मात्र कारण लोगों की ओर से नदी, नालों व तालाबों पर अवैध कब्जा कर वहां घर बनाने व खेती के लिए उसे भरकर समाप्त करना है। इसके अलावा लोग घरों से निकलने वाला कचरा भी सीधे उन नदी-नालों व तालाबों में ही फेंकते हैं, जिससे कई आहर व तालाब तो भरकर समाप्त हो गया। जो बचे हैं वह भी कुछ ही दिनों के मेहमान से लगते हैं। प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चिमनी ईंट भट्ठा नदी किनारे हीं अवस्थित है। जो नदी के अस्तित्व को मिटाने के लिए पर्याप्त हैं। सरकार व



प्रशासन द्वारा नदी-नालों सहित आहर, पोखर, तालाब को बचाने के लिए उनकी साफ-सफाई कराने में कोई रुचि नहीं लिया जा रहा है। इस कारण नदी-नाला, तालाब गंदा होने के साथ ही धीरे-धीरे पटते जा रहे हैं। कल तक तालाब गांव के लिए जीवनदायिनी थी। पानी नहाने व कपड़ों को साफ करने में काम आता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। प्रखंड के सभी नदी, नाला, आहर, तालाब का पानी सूख गया है। वहीं इनका अतिक्रमन भी स्थानीय लोगों ने कर लिया है। अगर समय रहते इनके अस्तित्व को बचाने के लिए प्रयास नहीं किया गया तो भविष्य में भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

### कहां गए मनरेगा से खोदा गया सैकड़ों तालाब व डोभा

प्रखंड में प्रत्येक वर्ष लाखों रुपया खर्च कर अति महत्वकांक्षी योजना मनरेगा से डोभा, तालाब व आहर खोदा जा रहा है। वह कागजों पर खोदा जाता है या फिर धरातल पर है या नहीं, इसकी समुचित जानकारी किसी भी अधिकारी को नहीं। जितना तालाब खोदा जाता है या खोदा गया है वह कारगर होते तो जल संकट की इतनी भयावह स्थिति नहीं होती। हर वर्ष प्लान के तहत लाखों रुपए खर्च कर कई नए तालाब की खुदाई व पूराने की गहरीकरण कराई जाती है। नए व पूराने दोनों को मिलाकर जितने तालाब, डोभा या आहर सरकारी रिकार्ड में कागजों पर है, उतनी धरातल पर नहीं दिखाई देती। मनरेगा से खोदा गया डोभा किसी पंचायत में आंकड़े के अनुसार नहीं मिलेंगे।





# जिले के सभी स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में लगेगा निषेधाज्ञा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर सदर अनुमंडल दंडाधिकारी मेदिनीनगर अनुराग कुमार तिवारी ने युवाओं को नशे की लत से बचाने व पलामू जिले के स्कूलों समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दिया है। निषेधाज्ञा सात जून के पूर्वाह्न छह बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा। राज्य सरकार से मिली गाइडलाइन के आलोक में यह निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए जागरुकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है। इसकी रोकथाम के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश पर अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर ने कोटपा एक्ट के कंडिका-छह में वर्णित निषेधाज्ञा के तहत यह आदेश जारी किया गया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचेगा व बिक्री भी नहीं करेगा।

### गोली मारकर युवक की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

# बंदुआ से युवक का शव बरामद पुलिस हत्यारों का पता लगाने में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ से शनिवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड के रहने वाले 18 वर्षीय लक्की चंद्रवंशी के रूप में हुई। युवक को गोली मारकर हत्या की गई है। घटना स्थल से पुलिस पर पुलिस ने सिर का हिस्सा प्लास्टिक में बंद पाया है। वहा पर रस्सी भी मिला है। युवक के आंख के पास सटा कर गोली मारने का निशान है। सुबह में बंदुआ में शव मिलने



के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आस पास के लोगों को पहले युवक की पहचान करना का प्रयास किया। उसकी पहचान नहीं होने पर ग्रामीण घटना की जानकारी चैनपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने घटना स्थल पर पहुंच कर युवक के शव की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ देर बाद सेमरटांड़ निवासी मृतक के परिवार के सदस्यों ने अपने पुत्र के रूप में पहचान की। बाद में थाना प्रभारी ने शव का पंचानामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। परिजनों ने अनुसार लक्की शुक्रवार की शाम घर से निकलने के बाद देर रात घर नहीं लौटा। रात को परिजनों को काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव बंदुआ से बरामद किया गया।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि युवक की हत्या कर शव का फेंक दिया गया है। मृतक के सिर पर गंभीर रूप से वार किया गया है। पुलिस पूरे मामले में जांच कर हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

## न्यूज बॉक्स

### नगर निगम भारत पाक मैच आज दिखाएगा टॉउन हॉल में

**मेदिनीनगर।** टी 20 विश्व कप प्रोग्राम के तहत रविवार की रात आठ बजे से भारत पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले इस मैच का आनंद मेदिनीनगर के शहरवासी भरपूर तरीके से उठा सकेंगे। इसके लिए मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन के तत्वावधान में न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच देखने की व्यवस्था की गयी है। सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का वितरण भी किया जायेगा। 100 के शुल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स भी उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन ने बताया कि लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। नगर भवन का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके बाद शहर के लोग इसे देखेंगे। तो समझेंगे की उनके शहर में भी इस तरह का हॉल है। जहां बड़े कार्यक्रम कराये जा सकते है।

### मुख्यमंत्री कार्यकाल को यादगार बनाए : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने भ्रष्टाचार के आरोप में 15 मई से जेल में बंद राज्य के संसदीय, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम द्वारा तीन सप्ताह से अधिक होने के बावजूद इस्तीफा नहीं देने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि झारखंड राज्य के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य के मंत्री आलमगीर आलम पिछले 24 दिनों से भ्रष्टाचार के आरोप में बंद हैं। मंत्रालय से इस्तीफा का इंतजार करते-करते अंततः शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने उनको आवंटित सभी मंत्रालय वापस लेते हुए अपने पास रख लिया है ताकि आगामी मानसून सत्र व आचार संहिता समाप्ति के बाद विकास के कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि गठबंधन की मजबूरी में झारखंड के मुख्यमंत्री लस्सी भी फूंक फूंक कर पी रहे हैं। परिणाम स्वरूप संबंधित मंत्री से सिर्फ विभाग वापस लेकर कांग्रेस पार्टी को खुश करते हुए तुष्टिकरण की नीति को बढ़वा दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ही सबक लेते जो 31 जनवरी को जेल जाने से पहले राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिए थे। उसी तर्ज पर मंत्री को भी इस्तीफा देना चाहिए था या झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय चंपई सोरेन द्वारा जेल में बंद मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए था।

### एमएसीटी केस को ले विशेष लोक अदालत का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश पर आठ जून को एमएसीटी केस के निस्तारण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। मामले निस्तारण को लेकर एक पीठ का गठन किया गया था। इसमे मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। इसमें सुलह समझौता के आधार पर कुल 21 मामले का निस्तारण किया गया। एक करोड़ 49 लाख 82 हजार छह सौ रुपए मामला का सेटल हुआ। जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोदकुमार सिंह के कोर्ट में चल रहे एमएसीसी 40/2018 में नीलू देवी को 12 लाख 83 हजार 155 रुपये का चेक व जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार के अदालत में चल रहे एमएसी सी 23/2017 में मीणा देवी को छह लाख तीन हजार 922 रुपये का चेक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव व सीजेएम आनंद सिंह ने दी। मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार, सीजेएम आनंद सिंह, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, बीमा कंपनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी एलएडीसी के असिस्टेंट पुष्कर राज, व्यवहार न्यायालय कर्मी मनोज कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, पीएलभी मुनेश्वर राम के अलावा दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर




**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना के धावा गांव के विजय राम का 17 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार व उसका दोस्त अंगद कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। चंदन का जबड़ा टूट गया है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया है। अंगद कुमार को भी दुर्घटना में हल्की चोट लगी है। जानकारी के अनुसार चंदन कुमार मेदिनीनगर में रह कर पाढ़ाई करता था। वह शुक्रवार को अपने दोस्त अंगद कुमार के साथ पाटन स्थित एक इंटर कॉलेज में एडमिशन करा वह वापस लौट रहा इस बीच सामने से आ रही मोटरसाईकिल से उसकी मोटरसाईकिल की टक्कर हो गई।

# डीईओ ने पाटन कास्तूरबा के वार्डन को दिया पानी गुणवत्ता की जांच का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने पाटन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डन को टैंकर से आपूर्ति होने वाले पानी को जांच के बाद ही छात्राओं को उपयोग करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि पाटन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पानी की कमी होने के कारण चार टैंकर पानी बाहर से उपलब्ध कराया गया है। बाहर का पानी कैसा है, टैंकर का पानी छात्रों के पीने के लिए उपयुक्त है या नहीं इसकी जांच जरूरी है।



पाटन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डन को निर्देश दिया है कि वह टैंकर के पानी की जांच मेदिनीनगर स्थित पेयजल स्वच्छता विभाग के पानी जांच प्रयोगशाला में करा लें। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में जो टैंकर का पानी जाता है, वह पानी किस कुआं से लिया जाता है। साथ ही यह भी देखना होगा की उस कुएं का पानी छात्रों के लिए सुरक्षित है। टैंकर का पानी काफी महंगा है। सात सौ प्रति टैंकर है। पाटन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को प्रतिदिन चार टैंकर पानी लेना पड़ता है। विद्यालय प्रतिदिन 28 सौ रुपया पानी पर खर्च कर रहा है। उन्होंने बताया की पाटन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का चार बोर फेल हो गया है। विद्यालय में 525 छात्राएं हैं।

# भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा एक से पांच तक स्कूल को बंद करे प्रशासन : किशोर पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने उपायुक्त से भीषण गर्मी के कारण सरकारी विद्यालय व गैर सरकारी विद्यालय के समय सारिणी में बदलाव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आठ जून से सभी कोटि के सरकारी विद्यालय खुल गए हैं। जबकि भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से पूरा पलामू जिला त्रस्त है। लोग नौ बजे के बाद सड़क पर निकलना भी नहीं चाह रहे हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने की कैसे हिम्मत जुटाएंगे? उन्होंने उपायुक्त से मानवीय संवेदना के आधार पर कक्षा एक से पांच तक को गर्मी से राहत न मिलने तक बंद करने व कक्षा छह से ऊपर की कक्षाओं का समय में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला भीषण गर्मी के चपेट में है। शनिवार को पारा 44 डिग्री से अधिक पहुंच गया है। ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से डर रहे हैं। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति काफी कम हो रही है।

# एमबीबीएस छात्र 9 सौ घरों में देंगे स्वास्थ्य संबंधि जानकारी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के अध्यनरत विद्यार्थियों ने आस पास के गांव के नौ सौ परिवारों को स्वास्थ्य जागरूकता के तहत स्वास्थ्य संबंधि जानकारी समेस्टर के तहत देंगे। अध्यनरत विद्यार्थियों ने शनिवार को पोखरा के कई टोला में जाकर लोगों को स्वाथ्य संबंधि जानकारी दिया। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया। ग्रामीणों को बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर पास के स्वाथ्य केंद्र में व जिले के सदर अस्पताल में जाकर डाक्टर के उचित सलाह लेने के बाद ही उनके द्वारा लिखे गए दवा को खाएं। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों को गांव के लोगों से अपनापन जैसा व्यवहार कर उचित सलाह देना है। कॉलेज के फैकल्टी डॉक्टर निखिल निशांत ने बताया कि प्रथम वर्ष से लेकर तृतीय वर्ष प्रथम तक के विद्यार्थियों को कम से कम तीन घरों के लोगों से मेडिकल संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करना है। फिलहाल प्रथम वर्ष से लेकर तृतीय वर्ष में तीन सौ एमबीबीएस के विद्यार्थी है। इसके अलावा ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए साफ सफाई, बीमार होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र जाने व आयुष्मान आरोग्य केंद्र पर जाने की सलाह दी गई।



# डालसा ने पानी और ओआरएस का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदिक चौक, स्टेशन रोड, अस्पताल चौक, बस पड़ाव, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के बीच पानी व ओआरएस का वितरण किया। मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस का पैकेट दिया। इस संबंध में पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव व सीजेएम आनंद सिंह ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रही है। जिले का पारा 43 डिग्री के पास रहा रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस पैकेट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बिना कार्य का कोई भी व्यक्ति घर से बाहर नहीं निकले। ओआरएस घोल का इस्तेमाल अवश्य करें।

## अपराध

### मृतक की हत्या की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# जांच टीम ने हत्या के खिलाफ असंतोष व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवाडीह गांव की आदिम जनजाति परिवार की 13 साल की नाबालिग बच्ची की संदिग्ध मौत की खबर के बाद कई संगठन व दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से नावाडीह गांव का दो दिनी दौरा किया। जांच टीम में भाकपा माले के पलामू जिला कार्यकारी सचिव कामरेड रविंद्र भुंइया, मजदूर संगठन एटक के झारखंड राज्य सचिव कामरेड राजीव कुमार, दिहाड़ी मजदूर यूनियन के पलामू जिला अध्यक्ष गौतम कुमार व दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता मयंक राज शामिल थे। जांच टीम ने इस लोम हर्षक व जघन्य हत्या के खिलाफ क्षोभ व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए परिवार व टोला के आदिम जनजाति परिवारों को ढ़ाढस बंधाया। दुख कि इस घड़ी में दृढ़ता से खड़ा होने का हौसला दिया। जांच टीम ने पीड़ित परिवार को अब तक कोई भी सरकारी व प्रशासनिक मदद ना मिल पाने के लिए भी क्षोभ प्रकट किया। जांच टीम ने मृतक की हत्या की अभिलंब जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को अविलंब राहत मुहैया कराने की भी मांग की है। जांच टीम ने पाया कि लाचार व मजबूर होकर रोजी-रोटी की तलाश और पेट की आग को शांत करने के लिए लाखों परिवार ईंट भठा की आग में जलने मरने के लिए अभिशप्त है। जांच टीम ने मृतका की मां व टोला के लोगों के हौसले पर भी गौर किया जिन्होंने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की। पुलिस शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम करवाने पर मजबूर हुई। मृतका की मां व ग्रामीणों की दृढ़ता ने ही इस जघन्य हत्याकांड को उजागर करने में मदद किया है।

**संसाधनों की लूट, पलायन से भुखमरी**



रामगढ़, चैनपुर, हरिहरगंज, छतरपुर की तरह बड़े-बड़े क्रशर प्लांट खड़े हो रहे हैं जो विकास की भ्रम पैदा कर रहे हैं। हकीकत में आम लोगों के हिस्से क्रसर की धूल व डस्ट जनित बीमारी और संसाधनों की लूट के साथ पलायन और भुखमरी ही पैदा कर रहा है। जांच टीम ने पीड़ित परिवार व टोला के ग्रामीणों से बातचीत कर घटनाक्रम को समझने का प्रयास किया है। टीम ने मृतका के नाक व मुंह से खून निकलने पर गौर किया है।


### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना के धावा गांव के विजय राम का 17 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार व उसका दोस्त अंगद कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। चंदन का जबड़ा टूट गया है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया है। अंगद कुमार को भी दुर्घटना में हल्की चोट लगी है। जानकारी के अनुसार चंदन कुमार मेदिनीनगर में रह कर पाढ़ाई करता था। वह शुक्रवार को अपने दोस्त अंगद कुमार के साथ पाटन स्थित एक इंटर कॉलेज में एडमिशन करा वह वापस लौट रहा इस बीच सामने से आ रही मोटरसाईकिल से उसकी मोटरसाईकिल की टक्कर हो गई।

# ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की हुई मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा रेहला मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया मोड़ के समीप शनिवार को एक ट्रक के धक्के से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक 25 वर्षीय युवक पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के सबौना गांव का बताया जा रहा है। जबकि घायल एजाज अंसारी पिता राज मोहम्मद अंसारी पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के तीसीबार गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल से गढ़वा से रेहला की ओर जा रहे थे। इस दौरान फरठिया मोड़ के समीप पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।

इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका फुफेरा भाई एजाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल के समीप के लोगों ने घायल एजाज अंसारी को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर, सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना के बाद गढ़वा थाना पुलिस ने फरठिया मोड़ पर पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल ले आई है। पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई के लिए मृतक के स्वजनों के आने का इंतजार कर रही है।

## डायवर्सन पर अनियंत्रित होकर गिरने से मोटरसाइकिल सवार की मौत



**डंडई।** डंडई चामा मार्ग पर एक डायवर्सन के पास अनियंत्रित होकर गिरने से एक मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई है। मृतक डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी प्रगास राम का पुत्र अशोक राम 39 वर्ष है। वह एक होमगार्ड में कार्यरत था। घटना के संबंध में बताया गया कि अशोक राम अपने मोटर साइकिल से देर रात 8:30 बजे अपने घर से ससुराल ओबरा गांव जाने के लिए निकला था। उसी बीच चामा गांव के पास निर्माण हो रहे सड़क पर डायवर्सन का निर्माण कार्य हो रहा था। उसी डायवर्सन में अनियंत्रित होकर गिर गया। और देर रात्रि पड़ा रहा। जब सुबह राहगीर उसे डायवर्सन के पास पड़ा देख थाना को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल लाया जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव



**मायके वालों का आरोप महिला की हुई है हत्या**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव निवासी राधेकृष्ण यादव की पत्नी पिंकी देवी 23 वर्ष की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। इसे लेकर मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाया कि साजिश कर पिंकी की हत्या कर दी गई है। जबकि ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि पिंकी देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया।

मृतका के ससुराल वालों के अनुसार पिंकी देवी को जहरीला पदार्थ खा लेने के बाद वे लोग इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतका के पिता बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी चरितर यादव ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी की शादी कैलान गांव निवासी दुखी यादव के पुत्र राधे कृष्ण यादव के साथ किया था। दंपती को दो संतान हैं। उसने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10:00 बजे मेरे दामाद ने विमलेश यादव पिता चरितर यादव के पास फोन कर कहा था कि कैलान गांव आकर अपनी बहन को ले जाओ। तब मायके वालों ने इसे मजाक माना था। लेकिन कुछ ही देर बाद मृतका की गोतनी ने फोन कर मायकेवालों को बताया कि पिंकी ने जहर खा लिया है।

## अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु आज समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर यशोधरा, संलग्न पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमंडल गढ़वा, बिबिन बेन्नी अब्राहम समेत कई वरीय पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, नन्द देव बैठा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने भाग लिया, साथ हीं अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।


## शपथ पत्र

**समक्ष कार्यपालक दंडाधिकारी मेदिनीनगर पलामू।**
मैं अजय कुमार गुप्ता पिता राजेंद्र प्रसाद निवासी कुंड मुहल्ला हमीदिया स्कूल रोड वार्ड नंबर 07, पोस्ट थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू झारखंड शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि :- 1. यह कि मैं उक्त नाम व पते का निवासी हूँ। 2. यह कि पी. एन. बी. के पासबुक सं- 0107000190999957 में मेरा नाम अजय कुमार प्रसाद दर्ज है जबकि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम अजय कुमार गुप्ता है ये दोनों नाम मेरा ही है एवं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। 3. यह कि इस नाम व पते का मेरे मुहल्ला में दूसरा व्यक्ति नहीं रहता है। 4. यह कि यह शपथ पत्र में अपना दोनों नाम होने के सत्यापन हेतू कर रहा हूँ।

**अजय कुमार गुप्ता**
**शपथ कर्ता**
मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि इस शपथ पत्र पर लिखी गई बातें सही है।



## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
### (जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष सं0– , Email {dlaopalamau@gmail.com}

पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VII
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, (जिला भू–अर्जन शाखा)
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या :–395 (A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–05.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रह्मोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.0670 एकड़ यानि 0.0271 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.0670 एकड़ यानी 0.0271 हेक्टेयर है और जो ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना सं0–75, कुल रकबा–0.0670 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 4 | 76 | रैयती | टांड़ 3 | 0.0200 | मुनी नाथ सिंह पिता नान्हु सिंह | | | | |
| 2 | 4 | 17 | रैयती | टांड़ 3 | 0.0470 | तदैव | | | | |
| कुल :– | | | | | 0.0670 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम.........×......... थाना.........×......... थाना सं0.........×......... अंचल.........×.........जिला.........×......... क्षेत्रफल .........×......... एकड़.........×......... यानि.........×......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 325632 Palamu(24-25).D


# साफ–सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर दिया जाए विशेष ध्यान : उपायुक्त

**डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर शनिवार समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ ही विगत दिनों में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उपायुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम हिट एंड रन मामलों की उपायुक्त ने समीक्षा की। उपायुक्त ने हिट एंड रन तथा गुड सेमेरिटन पॉलिसी का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने तथा हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा कर पीड़ित को शीघ्र मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-75 पर गढ़वा से नजदीक के सभी मुख्य स्थान की दूरी से संबंधित साइनेज गति सीमा से संबंधित साइनेज एवं रोड सेफ्टी से संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया कि जिले के कई स्थानों पर साइनेज का अधिष्ठापन कर लिया गया है एवं शेष बचे स्थान पर जल्द ही साइनेज लगाने की कार्रवाई कर ली जाएगी।

उपायुक्त ने जिले में अवस्थित तीन ब्लैक स्पॉट



अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा एवं बुढ़ापरास के कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी लिया एवं अन्नराज घाटी के (घुमाव) को सीधा करने के कार्य मे तेजी लाने का निदेश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने जिले में रोड किनारे सूखे पड़े वृक्ष, जिनसे आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं, वैसे वृक्षों का आकलन कर वन विभाग से अनुमति लेते हुए वृक्षों के कटाई का निर्देश दिया। शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी के अधिष्ठापन एवं स्ट्रीट लाइट मरम्मती की जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से लिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में शहर के सभी मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मती कर लिया गया है। उपायुक्त ने शहर के साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## भीषण गर्मी में लोगों को नहीं मिल रहा है पीने का पानी



**भवनाथपुर।** पीएचडी विभाग का कारनामा नाम कमाने के चक्र में भवनाथपुर मॉल के सामने लगा हैंड पंप बना कर गढ़े में ही छोड़ दिया गया। इस भीषण गर्मी में लोगों को नहीं हुआ पानी पीने के लिए नसीब ।बताते चले की पिछले 30 मई को गढ़वा डीडीसी का भवनाथपुर में आगमन हुआ था। जिसमे समाजसेवी नित्या नंद पाठक के द्वारा एक तीन सूत्री मांग पत्र देते हुए भवनाथपुर मॉल के समीप खराब पड़े हैंड पम्प को बनाने की मांग की गई थी। जिसमे डीडीसी के द्वारा भवनाथपुर बीडीओ को अविलंब हैंड पम्प बनवाने का निर्देश दिया गया था।

## लंबे समय से खराब पड़ा है जलमीनार, ग्रामीण परेशान



**विशुनपुरा । गढवा ।** प्रखंड के विशुनपुरा पंचायत के मेन रोड हरिजन टोला में 15 वीं वित्त विभाग द्वारा सोलर सिस्टम जल मीनार का निर्माण कराया गया था। निर्माण के 6 माह बाद ही सोलर सिस्टम का स्टाटर चोरी हो गया तथा लंबे समय से यह खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीण रिंकी देवी, सोना कुंवर, विना कुँवर, लगन प्रसाद, सुनीता देवी, रामजी राम, अनिता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रमिला देवी, मिना देवी हरिहर राम, मंजू राम, अर्जुन राम, आदि लोगो ने मुखिया एवं सम्म्मलित अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जलमीणर लगने से पूर्व इस चापाकल से कभी पानी की किल्लत नही हुई थी। लेकिन जिस दिन से जलमीणर लगाया गया है मात्र दो माह ही ग्रामीण जलमीणर से पानी पिएं होंगे। आज आठ माह से ऊपर हो गया लेकिन मुखिया जी द्वारा न स्टाटर लगवाया गया न ही चापाकल का वैकल्पिक व्यवस्था की गई।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA
### e-Procurement Tender Notice
**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2024-25 Date- 08.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of publication of Tender on website | 18.06.2024 at 2.00 pm |
| 2. | Last date/Time for submission of e - Tender bids online | 29.06.2024 upto 5.00 pm |
| 3. | Last date of online submission of Tender fee & EMD | 29.06.2024 upto 5.00 pm |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 01.07.2024 at 5.00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 6. | Contact no. of Procurement officer | 9835148687 |
| 7. | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Sakhwa M.I. Scheme, Village-Shale, Gp-Belkhori, Block- Mayurhand, Dist.-Chatra | 17053800.00 | 11 Months |
| 2 | 2 | Renovation of Hathiyara Ahar, Village- Jabra, Gp-Jabra, Block- Simaria, Dist.-Chatra | 3127600.00 | 11 Months |
| 3 | 3 | Renovation of Barki M.I. Scheme Village-Pakaria, GP- Malakpur, Block-Itkhori, Dist-Chatra | 15734000.00 | 11 Months |
| 4 | 4 | Construction of Single Check Dam at Manjura Nala, Village- Peksa, Gp-Barisakhi, Block-Gidhaur, Dist.-Chatra | 9203700.00 | 11 Months |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 325598 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दंपती घायल

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मुख्य मार्ग पर अन्नराज नवाडीह गांव के पास मोटरसाइकल दुर्घटना में दंपति घायल हो गया। घायल छत्तीसगढ़ के विजय नगर थाना क्षेत्र के विजयनगर गांव निवासी मो आशिक 55 वर्ष व उसकी पत्नी नसीबा बीबी 48 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के बाद आस पास के लोगो ने दोनो घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया गया की दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से दलेली गांव आ रहे थे। उसी बीच नवाडीह गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में दोनो घयालो के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### मोटरयान दुर्घटना दावा संबंधी विशेष अदालत का हुआ आयोजन

**गढ़वा।** प्रधान जिला जज सह डीएलएसए चेयरमैन राजेश शरण सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मोटरयान दुर्घटना दावा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया ,जिसमें 10 वादों का त्वरित निष्पादन करते गया पीड़ित पक्षकारों को 62 लाख 10000 मुआवजा की भुगतान की गई। लोक अदालत के उद्घाटन करते राजेश शरण सिंह ने वादकारियों, अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस विशेष अदालत को सफल बनाने के लिए 15 दिनों से लगातार पक्षकारों के बीच काउंसलिंग और मेडिएसन का कार्य चलता रहा ,जिसमें दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में सुलह समझौता करने का अवसर दिया गया । उन्होंने कहा कि दुर्घटना जीवन की काल है जो कभी भी किसी समय असावधानी रहने पर हो सकती है आजकल यहआम बात हो गई है प्रतिदिन दुर्घटना से ऐसी विषम परिस्थिति में उस पिडीत पक्षकार को मुआवजा दिलाया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ वाहन बगैर इंश्योरेंस के सड़क पर चलते हैं जिनसे दुर्घटना में उचित मुआवजा नहीं मिल पाता है । आयोजित विशेष लोक अदालत में मामले के निष्पादन के लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें जिला जज शिवनाथ त्रिपाठी ,मनोज कुमार त्रिपाठी के अलावा अधिवक्ता उपस्थित थे। गठित बेंच के द्वारा मोटर यान दुर्घटना के 10 मामलों का निष्पादन करते 62 लाख 10000 मुआवजा की राशि पिडीत पक्षकार को दी गई। मौके पर डीएलएसए सचिव रवि चौधरी जज इंचार्ज महेंद्र पंडित, पीएलभी सूर्यदेव चौधरी,कृष्णानंद द्विवेदी सहित अधिवक्ता वादकारी उपस्थित थे।

### धुरकी में बिजली चोरी करने वालों पर प्राथमिक दर्ज



**धुरकी।** धुरकी बिजली चेकिंग अभियान हेतु सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर शुक्रवार को प्रखंड के भूमफोर गांव में व सदर पंचायत धुरकी में बिजली चेकिंग छापामारी अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए 15 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध रूप से बिजली चोरी करने वालो में धुरकी के मदन साह, विनोद कुमार,आरिफ राजा, नागेश्वर बैठा, फैयाज अंसारी, सत्येंद्र कुमार,ललिता देवी, रमेश कुमार विश्वकर्मा, इकबाल अंसारी, और भूम्फोर गांव निवासी ज्वाला प्रसाद, नारायण साह, मुकेश यादव,रंजन साह, शिवनाथ साह का नाम शामिल है चेकिंग अभियान में सदाम हुसैन, नईम अंसारी सहित अन्य मानव दिवस कर्मी उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी के कारण जूनियर वर्ग नर्सरी से 5वीं तक की कक्षाएं 17 जून तक बंद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला पब्लिक स्कूल्स समन्वय समिति गढ़वा की बैठक आर के वी संस्थान में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने की जबकि संचालन सचिव मदन केशरी ने की।इस बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पीड़ादायक बढ़ती तापमान व गर्मी के मद्देनजर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जूनियर सेक्शन कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 5 वीं तक के लिए उनके अध्यापन कार्य आगामी 17 जून तक स्थगित रहेगा जबकि कक्षा 6ठी से लेकर 12 वीं तक के लिए अपने निर्धारित तिथि 10 जून(सोमवार) से सुचारू रूप से संचालित रहेगा। सभी विद्यालय का अध्यापन कार्य सुबह 6:30 से पूर्वाह्न 10 बजे तक होगा। बैठक में अभिभावकों से अपील की गई है कि वे सभी अपने अपने बच्चों को इस बढ़ती गर्मी में खासतौर पर दोपहर में अन्यत्र कहीं भेजने में परहेज करें। स्कूल भेजने के दौरान उनके स्वास्थ्य का पूरा पूरा ख्याल रखा जाए। स्कूल भेजने के क्रम में उनके साथ आवश्यक होममेड नास्ता, ग्लूकोज-पानी, तौलिया के साथ भेजें तथा उन्हें आवश्यक एतिहायत बरतने का निर्देश भी दें। जूनियर वर्ग के बच्चों के अभिभावक नियमित विषय से सम्बंधित सिलेबस का अभ्यास भी कराएं जिससे वे बच्चे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े रहें। यह भी निर्णय लिया गया कि जैसे ही मौसम में अनुकूलता आएगी पुनः सूचना जारी किया जाएगा। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव संजय सोनी ने की।

## मानव संसाधन और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : अलखनाथ



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का दूसरा इनहाउस कार्यशाला संपन्न- आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा सेशन 2024-25 का दूसरा इनहाउस ट्रेनिंग आज आरकेवीएस के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और मिथलेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

इसके पूर्व में चेयरमैन, प्रशासनिक इंचार्ज और सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया और सभी ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

आज के कार्यशाला का विषय कॉपरेटिव लर्निंग की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए रिसोर्स पर्सन के रुप में आरकेपीएस गढ़वा के प्राचार्य संतोष पाण्डेय, शिक्षक बीके मिश्रा,शिक्षिका नीतू सिंह और उंचरी मंझिआंव स्कूल से समीर वर्मा थे। इस विषय पर चेयरमैन सह निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज का निर्माण मानव संसाधन से होता है एवं अच्छे मानव संसाधन के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षकों में टीम बिल्डिंग और टीम वर्क बहुत जरूरी है।प्रोडक्टिव रिजल्ट पाने के लिए टीम में काम का विभाजन जरुरी है ताकि वे अपने कार्यों के प्रति जागरूक, जवाबदेह और ईमानदार रहें। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ उनका सर्वांगीण विकास हो। शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की योग्यता, क्षमता, रुचि, अभिरुचि के अनुसार उनका मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित करने और कैरियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

### चलंत लोक अदालत का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड परिसर में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया।चलंत लोक अदालत का शुभारंभ पैनल के अधिवक्ता राजकुमार राम,बलबीर चौधरी,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव,पीएलवी मनोज कुमार द्विवेदी, राम इकबाल चौबे व अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया चलंत लोक अदालत में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 29 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया शेष आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेज दिया गया।कार्यक्रम में अधिवक्ता बलबीर चौधरी ने न्याय व्यवस्था से सबंधित जानकारी देते हुये बताया कि किस तरह गांव के छोटे छोटे विवादों का निष्पादन स्थानीय स्तर पर किया जा सकता है उन्होंने बताया कि जो विवाद स्थानीय स्तर पर नही सुलझ पाये, उसके लिये कानून में क्या प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने बताया कि राज्य से बाहर काम करने जाने वाले मजदूरों को अनिवार्य रूप से जिला नियोजनालय में पंजीकरण कराकर काम करने जाना चाहिए।


## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2024–25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मार्च 2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 18.06.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | चेचरिया पुल के पश्चिम में टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 468200.00 | 47000.00 |
| 02 | चेचरिया पुल के पुरब में टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 826300.00 | 82600.00 |
| 03 | श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.garhwa.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान** | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| **प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय** | दिनांक 18.06.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| **डाक बोलने का स्थान** | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| **डाक बोलने का तिथि एवं समय** | दिनांक 18.06.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR 325615 Urban Development(24-25)D

# अमवा टोली खदान में डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद भी नहीं मिला




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा ग्राम अंतर्गत अमवा टोली निवासी स्वर्गीय सुधीर उरांव की 10 वर्षीय पुत्र प्रेम उरांव का शव 24 घंटे बाद भी बरामद नहीं हो सका है ' प्रेम उरांव अपनी दो बहन और अन्य दोस्तों के साथ बंद पड़ी खदान में स्नान करने शुक्रवार को गया था ' जिसमें नहाने गए अन्य सभी बाहर निकल गए लेकिन प्रेम उराव बाहर नहीं निकल सका ' जिसे स्थानीय लोगों ने पानी भरे खदान से निकालने का पूरा प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई और आज शनिवार को पुलिस में प्रशासनिक पदाधिकारी के पहल पर एनडीआरएफ की स्पेशल टीम अमवाटोली खदान पहुंची और देर शाम 7:00 बजे तक टीम मे शामिल गोताखोर के द्वारा लापता प्रेम उरांव की शव को निकालने का पूरा प्रयास किया, लेकिन नहीं निकल पाया ' वही इस घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक बैजनाथ राम बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास के साथ-साथ प्रखंड के उप प्रमुख विजय भगत आदि घटनास्थल पर डटे रहे ' वहीं देर शाम अंधेरा हो जाने के कारण एनडीआरएफ की टीम प्रखंड मुख्यालय लौट गई है जो रविवार की सुबह से शव को खोजने के लिए खदान में कोशिश करेगी ' वहीं शनिवार दिनों भर इस दौरान खदान के आसपास सैकड़ो लोगों का जमावड़ा लगा रहा ' वही इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है' मृतक प्रेम उरांव स्वर्गीय सुधीर उरांव का एकलौता पुत्र था ' इस घटना को लेकर अमवा टोली के आसपास प्रखंड के समाजसेवी ग्रामीण भी घटना पर पहुंचे शोक जाहिर की। जिनमे आरजेडी नेता सुरेश राम प्रीतलाल यादव विश्वनाथ उरांव आशीष यादव जितेंद्र यादव सहित सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण का नाम शामिल है।



## गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक बने विजेंद्र कुमार, अजीत कुमार प्रखंड युवा समन्वयक

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित साईं मंदिर परिसर में गायत्री परिवार का एक अहम बैठक जिला समन्वयक लव कुमार तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुरूआत गायत्री महामंत्र के जाप से की गई। मौके पर जिला समन्वयक लव कुमार तिवारी ने गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के गुरु के दिशा निर्देशन में प्रखंड समन्वयक समिति का चुनाव गुरु कार्यों के लिए किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समिति का गठन करते हुए विजेन्द्र प्रसाद को प्रखंड समन्वयक अरुण कुमार उप समन्वयक प्रखंड महिला समन्वयक अंशु देवी उप समन्वयक मंजू देवी एवं प्रखंड युवा समन्वयक अजीत कुमार उप समन्वयक रविंद्र ठाकुर ज्ञान परीक्षा समन्वयक महानंद कुशवाहा उप समन्वयक प्रेम कुमार शर्मा, आओ गढ़े संस्कार समन्वयक उषा देवी राजश्री गुप्ता, गृहे गृहे गायत्री यज्ञ समन्वयक सुनील राणा, उप समन्वयक तुलसी यादव सप्त आंदोलन समन्वयक लोचन यादव उप समन्वयक कैलाश ठाकुर एवं संरक्षक आनंदी प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर साव, उपेंद्र सिंह, शशि भूषण प्रसाद, संतोष सिन्हा का नाम शामिल हैं।

इस समिति गठन का मुख्य उद्देश्य ज्योति रथ यात्रा को पूरे प्रखंड से लेकर गांव गांव तक भ्रमण कर जन जागरण करना ,भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, सप्त आंदोलन का संचालन कर मिशन के कार्यक्रमों का चलाया जाना। बैठक की समाप्ति शांति पाठ जे साथ जिला आये समन्वयक लव कुमार तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे कृष्णकांत गुप्ता ईश्वर लाल जगदीश राणा प्रभात गुप्ता धर्मेंद्र प्रसाद जयराम प्रसाद आलोक कुमार मंजू देवी अंकित कुमार रीना देवी अंशु कुमारी ममता रानी आलोक कुमार सहित दर्जनों गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### मगध परियोजना कार्यालय में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

## प्रशासनिक सेवा में ट्रांसफर-पोस्टिंग होना एक सामान्य बात है : एस सत्यनारायण




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संघमित्रा एरिया के मगध पीओ कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीसीएल कर्मी संजय कुमार को पियो ने फूल माला पहनकर एवं बुके देकर भावभीनी विदाई दी मौके पर पिओ एस सत्यनारायण ने कहा कि मगध में संजय कुमार बेहेरा का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। सरकारी सेवा में स्थानांतरण पोस्टिंग होना नियम है। अपने कार्यकाल के दौरान संजय कुमार बेहेरा ने जिस तरह से अपनी जिम्मेदारी को निभाई वह काफी काबिले तारीफ है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सपरिवार सुखी, स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि आगे वे जहां भी रहे वहां इसी तरह अच्छे से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें।

प्रेषण अधिकारी दया शंकर ओझा ने संजय कुमार बेहेरा की सेवाओं का उल्लेख करते हुए उनकी लगन मेहनत की सराहना की । उपस्थित अधिकारीगण एवं सहयोगी कर्मियों ने अपना भाव प्रकट की।

## मनरेगा कार्यों की बीपीओ ने की समीक्षा कर्मियों को दिए कई दिशा निर्देश



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को मनरेगा कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीपीओ राजेश्वर कुमार ने किया। मनरेगा के तहत संचालीत योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीपीओ ने कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बागवानी योजना को अधिक से अधिक ऑनगोइंग करते हुए डिमांड करने एंव एबीपी एस को 100 प्रतिशत करने की बात कही। वहीं खेल मैदान योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के साथ पुरानी योजनाओं को बंद करने, मनरेगा में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के साथ आबुवा आवास को मनरेगा से 100 प्रतिशत ऑउटगोइंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जई मनोज कुमार, सभी पंचायत के रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर के अलावे अन्य मौजूद थे।

## सड़क किनारे टेढ़ा पेड़ कर रहा दुर्घटना को आमंत्रित, विभाग मौन



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी जिहू मुख्य मार्ग पचमों जंगल दनदहा घाटी के समीप सड़क किनारे टेढा पेड दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा। पर पीडब्लूडी एवं वन विभाग के पदाधिकारी मौन धारण कर बैठे हैं। वन विभाग द्वारा खोदे गए ट्रेच के कारण सडक किनारे लगा पेड टेढा होकर सडक की ओर झुकता जा रहा है। जो कभी भी अचानक गिर सकता है और जानमाल को हानी पहुंच सकता है। इस सडक से नित्य दिन भारी संख्या में यात्री वाहनों के साथ मालवाहन का परिचालन दिन रात होती है। अगर समय रहते पेड को नहीं हटाया गया तो कभी भी बडी घटना घट सकती है। पीडब्लूडी पदाधिकारी वन विभाग द्वारा सडक किनारे पेड काटने की अनुमती नही देने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आए।

## डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान वसूले 50 हजार जुर्माना



**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे टंडवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आम्रपाली कोल परियोजना के लकडाही मोड़ में डीटीओ इंद्र कुमार की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कोल व अन्य व्यवसायिक वाहनों में चालकों की अनुज्ञप्ति, इंस्योरेंस, परमिट व स्पीड लिमिट की जांच की गई। जबकि बगैर हेलमेट पहने कई दोपहिया वाहन चालकों से निर्धारित जुमार्ना वसूला गया। मौके पर मौजूद डीटीओ ने पूछे जाने पर बताया कि बीते दो घंटे के जांच अभियान में लगभग एक सौ वाहनों की जांच की गई है। इस दौरान तय मानकों के उल्लंघन पर लगभग 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया है। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। व्यवसायिक वाहनों को नो-इंट्री का उल्लंघन नहीं करने व नियंत्रित व निर्धारित गति में हीं परिचालन करने की हिदायत दिये। कहा कि इन दिनों बड़े पैमाने पर नो इंट्री उल्लंघन मामले में कोल वाहनों पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## मुखिया ने रक्सी मोड़ में किया साप्ताहिक सब्जी बाजार का शुभारंभ



**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा प्रखंड के धनगड़ा पंचायत अंतर्गत रक्सी मोड़ के समीप साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया अरविंद सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि अब आस-पास के ग्रामीणों को सब्जी खरीदने के लिए सिमरिया, टंडवा व मिश्रौल नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आम ग्रामीणों से खरीदारी करने की अपील भी की।आयोजक समिति रक्सी गांव के ग्रामीणों ने दुकानदारों व ग्राहकों की हर सुविधा दिए जाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने खूब अपने जरूरत के समान की खरीदारी की।

## पर्यावरण सप्ताह पर कार्यक्रमों का आयोजन

**लातेहार।** विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत पीएम श्री केद्रीय विद्यालय, लातेहार में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के चौथे दिन शनिवार को रिड्यूस ई-वेस्टिंग विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कई छात्रों ने भाग लिया।प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि समर कैंप छात्रों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में छात्र व छात्राओं को पर्यावरण से जुड़ी जानकारियां हासिल करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का ज्ञानवर्धन होता है। बचपन में मिली जानकारियां छात्रों को हमेशा प्रेरित करती हैं।

# त्रिशूल के खंडित अवशेष के धाम वापसी के लिए कल छत्तीसगढ़ रवाना होंगे संजय साहू



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

काफी अथक प्रयास के बाद आखिरकार वो शुभ घड़ी आखिरकार आ ही गई। बाबा टांगीनाथ धाम के धरोहर अक्षय त्रिशुल के खंडित अवशेष का पता चलने के बाद टांगीनाथ विकास समिती के उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू के नेतृत्व में बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति एवं बाबा के भक्त आगामी 10 जून 2024 दिन सोमवार को बाबा टांगीनाथ धाम के धरोहर अक्षय त्रिशुल के खंडित अवशेष को धाम वापसी लाने के लिए छत्तीसगढ रवाना होंगे।

इसकी जानकारी देते हुए विकास समिति के उपाध्यक्ष संजय साहु ने बताया कि कई दशकों पूर्व टांगीनाथ धाम स्थल में खुले जगह में स्थित अक्षय त्रिशूल के एक खंडित भाग को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बिना किसी की अनुमति के छत्तीसगढ़ के सन्ना तहसील अंतर्गत डकईपाठ के भट्ठा गांव में एक पेड़ के नीचे रख दिया गया है। जिसकी खोजबीन समय समय पर वर्षों से बैगा पहान एवं समिति के द्वारा की जा रही थी। लेकिन लगभग एक वर्ष पूर्व इसकी सूचना बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति को मिली। तब से समिति के लोगों एवं ग्रामीणों के द्वारा छत्तीसगढ़ के उक्त स्थल तक जाकर उनकी पुजा अर्चना करते हुए बाबा टांगीनाथ धाम की धरोहर त्रिशूल के खंडित भाग को उनके मूल स्थान में लाकर स्थापित करने हेतु पहल की गई और लगातार इस संबंध में छत्तीसगढ़ के भट्ठा ग्राम के लोगों से बैठक कर इस विषय में चर्चा कर त्रिशुल के खंडित अवशेष को उनके मूल स्थान में स्थापित करने की सहमति बनाई गई। आगे संजय साहु ने कहा की वहां के ग्रामीणों एवं भक्तों से इस बात पर सहमति बनाई गई की त्रिशूल के खंडित भाग को भट्ठा गांव से टांगीनाथ ले जाने के एवज में छत्तीसगढ़ के भट्ठा गांव के उक्त स्थल में भट्ठा ग्राम के आम नागरिक एवं बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति सहयोग से एक मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

आगे कहा उक्त खंडित त्रिशूल को सम्मान पूर्वक विधि विधान से अपने धाम में लाकर स्थापित करने हेतु 10 जून सोमवार की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही उसी तिथि को उक्त स्थल में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का शुभ कार्य भी किया जाएगा। वहीं उन्होंने सभी आम भक्तों से बढ़ चढ़कर इस महानुष्ठान में भाग लेने और समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में तन मन व धन से सहयोग करने की अपील की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**
e-mail I.D. - eemidhus-cemr-jhr@nic.in

पत्रांकः–399 हुसैनाबाद, दिनांक– 07.06.2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-35/2023-24 (चनबोथवा नाला पर चेक डैम निर्माण प्रखण्डः–छतरपुर, जिलाः–पलामू) जिसका PR. NO:-321716 (Water Resource) (23-24)D है, उक्त ई0 निविदा में प्रथम बार में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

PR 325590 Minor Irrigation(24-25).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**

नाम–(1) आलम अंसारी, पिता–अली मोहम्मद अंसारी, सा0–मिरचईया, टोला–बिछकटवा, थाना–धुरकी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप धुरकी थाना कांड सं0–157/2019, दिनांक–06.10.2019, धारा–302/34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री अरबिन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगरउंटारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–12.04.2024 को स्थानीय लोगों के समक्ष कराया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्री अरबिन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगरउंटारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 325587Police(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-01/2024-25
पत्रांकः– 401 हुसैनाबाद, दिनांकः– 07.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चनबोथवा नाला पर चेक डैम निर्माण प्रखण्ड–छतरपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 54,50,594=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 12-06-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25-06-2024 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 25-06-2024 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26-06- 2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 325578 Minor Irrigation (24-25)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-06/2023-24/RE-01 P.R.No.318000
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड पिपरा अन्तर्गत तुन्दई पंचायत में टंडवा जगदीशपुर ग्राम में अगकर नदी पर पुल निर्माण। | 1,67,43,757.00 | 335000.00 | 10000.00 | 15 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.06.2024 से दिनांक 01.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –03.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 325530Rural Development(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-01/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड हरिहरगंज अन्तर्गत ग्राम बलरा से आगे बटाने नदी पर सरसोत रोड में लुकुआ के पास पुल निर्माण | 4,83,67,728.00 | 9,70,000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.06.2024 से दिनांक 01.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –03.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 325529Rural Development(24-25)#D



**District Legal Services Authority, Chatra**
**In the premises of Civil Courts, Chatra,**

NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT OF (i) OFFICE ASSISTANTS/CLERKS-CUM-RECEPTIONIST-CUM-DATAENTRY OPERATOR (TYPSIT), (ii) OFFICE PEON (MUNSHI/ATTENDANT), AS PER THE MODIFIED LADCS SCHEME 2022, PURELY ON CONTRACT BASIS INITIALLY FOR THE PERIOD OF ONE YEAR AND FURTHER EXTENSION FOR ONE YEAR AFTER SATSISFACTORY PERFORMANCE FOR THE LEGAL AID DEFENSE COUNSEL OFFICE IN Chatra DISTRICT OF THE JHARKHAND STATE UNDER JHARKHAND STETE LEGAL SERVICES AUTHORITY (JHALSA)

| Posts | No. | Monthly Honorarium | Qualifications | Age (as on 24.05.2024) |
|---|---|---|---|---|
| Office Assistants/Clerks-cum-Receptionist-cum-Data Entry Operator (Typist) | 1 | 15,000/- (provisions of the Minimum Wages Act and orders issued in this regard shall be complied) | • Educational Qualification : Graduation • Basic word processing skills and the ability to operate computer, with Excellent verbal and written communication skills • The ability to work telecommunication systems (telephones, fax machines, switchboards etc) • Proficiency with typing speed of 40 WPM, • Ability to take dictation and entering data, • File maintenance and processing knowledge, | 18 – 35 yrs (Age relaxation as per rule of State Govt) |
| Office Peon (Munshi/ Attendant) | 1 | 10,000/- (provisions of the Minimum Wages Act and orders issued in this regard shall be complied) | Matriculation | 18 – 35 yrs (Age relaxation as per rule of State Govt) |

** Qualifications may be reasonably relaxed in case of exceptional candidates or circumstances with the approval of the Executive Chairman, SLSA

The Scheme of engagement is available on the Notice board of DLSA, Chatra. The duly filled-in application form along with self-attested copies of documents shall be submitted to DLSA, Chatra, wherein the candidate desires to apply through speed post, or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA, Civil Court, Chatra on or before 18th June, 2024 by 01.00 P.M. Any application received after due date shall not be considered.
Note: *Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.

| | | |
|---|---|---|
| District &Additional Sessions Judge -cum-Special Judge POCSO-cum-Member, Selection Committee, Chatra | Principal Judge Family Court -cum-Member, Selection Committee, Chatra | Principal District &Sessions Judge-cum-Chairman, Selection Committee, Chatra |

PR 325499Law(24-25)#D

# न्यूज बॉक्स

## ट्रैक्टर ने टीवीएस सवार व्यक्ति को मारी जोरदार टक्कर, मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित चारो टोली ग्राम के समक्ष एक अनियंत्रित तेज रफ्तार से जा रहे। ट्रैक्टर ने टीवीएस सवार बसुआ डीपा टोली निवासी सह पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में कार्यरत बंधनू उरांव को जोरदार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा। वहीं उक्त घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया और उसके परिजन उसे रांची रिम्स ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे। की इसी बीच इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां उक्त शव को शीतगृह में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी हैं।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** झारखंड पंचायती राज्य विभाग एवं डिजिग्राम फिनटेक सॉल्यूशन एलएलपी के पदाधिकारियों ने शनिवार को भंडरा प्रखंड जमागाई व किसको प्रखंड के देवदारिया पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर मुखिया, पंचायत सचिव, कॉमन सर्विस सेंटर (प्रज्ञा केंद्र) संचालक के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें पंचायत को आईएसओ सर्टिफिकेट दिलाने के लिए आईएसओ प्रमाणन के बारे में विस्तृत रूप से मुख्य प्रशिक्षक अशोक त्यागी और संस्कृति द्वारा बताया गया। साथ ही झारखंड पंचायती राज्य विभाग द्वारा प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से सरकार व आम जनता के बीच होने वाली सभी तरह की योजनाओं को सफल बनाने के लिए कई अहम जानकारी भी दिया। मौके पर आशीष जायसवाल एवं रवि कुमार राय और पंचायती राज के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा भी पंचायत के मुखिया उपमुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवकों को प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभुकों तक पहुचाने के लिए विभिन्न तरह की जानकारी दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप लगभग 9:00 अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रामपुर गांव निवासी रिकोनंड खलखो पिता स्वर्गीय मिल्यानुस खलखो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक चैनपुर से पैदल अपने गांव रामपुर जा रहा था तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मारकर फरार हो गया वहीं जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग से युवक को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया वहीं इस मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 12 पशुओं का कराया मुक्त



**चैनपुर।** चैनपुर थाने की पुलिस ने शनिवार की रात सेमला बरटोली के समीप तस्करी के लिए ले जा रहे 12 अवैध गोवंशीय पशुओं को जप्त किया वहीं पुलिस को आता देख तस्कर मौके से फरार हो गए इस मामले पर थाना प्रभारी अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की जारी क्षेत्र से कुछ लोगों के द्वारा अवैध गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर सेमला बरटोली के समीप पशुओं को जप्त किया गया वहीं अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है वहीं उन्होंने बताया कि अवैध गोवंशीय पशु तस्करों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा इधर जप्त किए गए पशुओं को किसानों के बीच जिम्मानामा लिखाकर उन्हें सौंप दिया गया।

## दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का तीसरा दिन हुआ संपन्न

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डीएसपी रोड गुमला के सभागार में दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का तीसरा दिन सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अमरीश सिंह जी ने कहा कि भारत के इस गौरवशाली इतिहास में देश विकसित रूप में आगे बढ़ रहा है। लेकिन अपने इतिहास में कई बार विदेशी आक्रमणकारियों सामना किया जिससे आक्रमण की शुरूआत सबसे कई बार मुस्लिम शासको ने भारत में आक्रमण के लिए चुना आधुनिक काल में भारत को अंग्रेज ने अपना गुलाम बना लिया। अंग्रेज ने आने के बाद भारत एककृत नहीं था लेकिन अंग्रेजों ने अपनी सता भारत में स्थापित करके भारत में राजनीतिक एकता स्थापित की। अंग्रेजों के भारत आने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा, अंग्रेज ने भारत का खूब शोषण किया इस कारण भारतीय लोगों ने बहुत मुश्किलें झेली।

## चूल्हापानी में देवनद दामोदर महोत्सव, गंगा दशहरा कार्यक्रम 16 जून को

**लोहरदगा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा जिला के तत्वाधान में देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम दिनांक 16 जून को दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए रामस्वारथ साहू की अध्यक्षता में सलगी में बैठक की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई ,चूल्हा पानी से कटात तक सड़क की मरम्मती, पेयजल कुआं की सफाई, जला हुआ ट्रांसफार्मर यथा शीघ्र बदलने की मांग के साथ ही बहेरामांडर के पास एक टैंकर पेयजल आपूर्ति हेतु मांग की गई। कार्यक्रम में तय किया गया की हर वर्ष की भांति कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन किया जाएगा। नदी पूजन हवन एवं विशेष आरती का आयोजन, प्रसाद वितरण ,भंडारा का आयोजन होना तय किया गया। दामोदर बचाओ आंदोलन संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहा दामोदर नदी का उद्गम स्थल लोहरदगा जिला में होना गौरव की बात है। इसे हर हाल में हमें संरक्षित रखना होगा। साथ ही हर वर्ष गंगा दशहरा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। चूल्हा पानी देश स्तर का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग आए और दामोदर नदी का उद्गम स्थल का दर्शन करें। चूल्हा पानी से स्नान कर लोहड़ी बाबा का दर्शन कर पुन्य के भागीदारी बने। विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय के प्रयास से इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है उनके माध्यम से हमारा यह सलगी पंचायत को आज पूरा देश जान रहा है।

# जनता भी नाली साफ रखने में करे सहयोग : नप प्रशासक

- बारिश पूर्व शहर की छोटी-बड़ी नालियों की सफाई शुरू
- शहर में युद्धस्तर पर चल रहा है नालियों का सफाई अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा इन दिनों युद्धस्तर पर शहर की हर छोटी बड़ी नालियो की साफ सफाई का कार्य चल रहा है। बारिश से पूर्व शहर की सभी छोटी बड़ी नालियों की साफ -सफाई शुरू कराने की योजना नगर परिषद के द्वारा बनाई गई है। नप के इस सकारात्मक पहल की सराहना आम जनता कर रही है। शहर के मिशन चौक से लेकर बीआईडी छतर बगीचा तक वर्तमान में जोर शोर से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में इन नालियों से प्रति दिन कई ट्रैक्टर कचरा निकल रहा है। गौरतलब है कि

छतर बगीचा स्वयंभू महादेव जाने वाली सड़क पर नालियों का गंदा पानी आ गया था। जिसके कारण आम नागरिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी खबर प्रमुखता से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार ने अपने 28 मई के अंक में छापी थी। जिसका शीर्षक था ₹स्वयंभू महादेव मंदिर जाने वाली सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी₹, नालियों से उत्पन्न बदबू से परेशान हैं लोग। इस खबर पर पहल करते हुए नगर परिषद साफ सफाई कराने लगी। इस सड़क की मुख्य नाली ही कचरों से जाम हो गई थी। अब हालात है कि सड़क पर नालियों का गंदा पानी नही आ रहा है और आम जनता की समस्या दूर हो रही है।

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर



नगर परिषद उदासीन स्वयंभू महादेव मंदिर जाने वाली सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

नालियों से उत्पन्न बदबू से परेशान हैं लोग

पिछले तीन सालों से स्थिति ऐसी ही है, नप कर्मचारी सफाई करने में असक्षम

मच्छर बढ़ने से रातों की नींद भी हराम



## शहर आपका है और इसे स्वच्छ रखना आपकी भी जिम्मेदारी बनती है : जयपाल सिंह



नगर पालिका के प्रशासक जयपाल सिंह ने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व ही हमने शहर की सभी नालियों की साफ सफाई प्रारंभ कर दी है। जिसके कारण बरसात में लोगो के घरों में नालियों का पानी नहीं घुसे और उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। नगर परिषद युद्धस्तर पर अभियान चलाकर नालियों की साफ सफाई कर रहा है। वही लोगों से अपील है कि नालियों में अपने घरों से निकलने वाले कचरा को न फेंके। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी का वाहन घर-घर कचरा कलेक्शन के लिए जाता है। उसे अपने घरों का कचरा दे या फिर एक निश्चित जगह पर कचरा फेंके। नालियों में कचरा फेंकने से बारिश के दिनों में शहरवासियों को ही परेशानी होगी। शहर आपका है और इसे स्वच्छ रखना आपकी जिम्मेदारी भी बनती है। वही कचरा नाली में नही जाएगा तो नाली भी साफ रहेगी। नगर परिषद प्रशासक ने आम जनता से अपील की है कि अब शहरवासियों का भी फर्ज बनता है कि वे नगर पालिका के इस अभियान में अपना सहयोग दे मतलब जब सफाई हो जाएगी तो जनता नालियों में कचरा नही डंप करके सफाई वाहनों में डाल दे यही नगर परिषद के लिए सहयोग माना जायेगा।

## दर्जनों मजदूरों को महीनों से नहीं मिली मजदूरी



**कुडू - लोहरदगा।** एक ओर जहां सरकार मजदूरों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम दिलाने की बात कह रही है तो वहीं दूसरी ओर दर्जनों मजदूर ऐसे भी है जिन्हें काम तो मिला पर उन्हें महीनों से मजदूरी के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे है। ऐसा ही एक मामला कुडू प्रखण्ड के सुंदरू पंचायत स्थित ओपा उप स्वास्थ्य केंद्र में मजदूरी, पेंटिंग और सप्लाई करने वाले दुकानदारों के साथ हुआ है। जहां काम करने के बाद मजदूर, पेंटर, सप्लायर सभी अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। महीनों बीत जाने के बावजूद इन्हें फूटी कौड़ी नसीब नही हुई। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में पदस्थापित प्रखण्ड लेखा प्रबंधक लाल निरोज नाथ शाहदेव से बात करने पर उन्होने बताया कि सुंदरू पंचायत के ओपा सब सेंटर में एन क्वास कार्यक्रम के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर वहां कुछ मरम्मती का काम हुआ है जिसमे 5 मजदूर जिसमे छोटकी चापी निवासी मन्नान अंसारी, और पेंटर आलम अंसारी और कुडू निवासी बिपिन कुमार ने कार्य किया है।

## नौकरी के दौरान सेवा ही जीवन का लक्ष्य हो : वेदांत शंकर



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी आईपीएस वेदांत शंकर का प्रशिक्षण काल अवधि समाप्त होने पर सेन्हा थाना परिवार विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना में नियुक्त कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए अपने कार्यकाल पूरा किया। इस निमित सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों द्वारा विदाई समारोह आयोजित करके प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को पुष्प गुच्छ प्रदान कर विदाई दिया गया. विदाई के पूर्व पुलिस कर्मी और जवानों द्वारा अंगवस्त्र एवं उपहार स्वरूप सामग्री देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कहा की 15 मार्च से 8 जून तक सेन्हा थाना प्रभारी के पद पर रह कर टीम के साथ समन्वय बना कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हत्या चोरी,लूट,भूमी विवाद, खनन आदि सहित अन्य चीजों में काम करने का अवसर मिला। हत्या जैसे मामले का उद्भेदन हुआ तथा जनता का भी सहयोग मिलता रहा। कहा कि नौकरी जनता की सेवा है। सभी लोग सेवा भावना से काम करें और जनता की समस्या का समाधान को प्राथमिकता दें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर किया जा रहा है प्रचार-प्रसार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड मुख्यालय में योग गुरु सह योग प्रचारक गजराज महतो ने 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रखण्ड में योग को लेकर ब्यापक प्रचार प्रसार में जुट गए हैं.इसके नामित उन्होंने प्रखण्ड के विभिन क्षेत्रों में लगातार में सात दिनों तक योग एवं ध्यान शिविर लगाकर लोगो को योगाभ्यास कराया और योग के प्रति लोगो को जागरूक किया।साथ ही योग के लाभों की जानकारी दी। शनिवार को उन्होंने सिसई के छारदा रोड़ स्थित आम बगीचा परिसर मे आसपास के सभी माताऐं, बहनें, युवा, बच्चों को योग कराकर इसका समापन किया। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय कुम्हार मोड़ में सात बजे सुबह से होने वाली योगाभ्यास में शामिल होने का अपील किया।

# दुर्घटनाग्रस्त कार में पांच बोरा गांजा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया की गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा. देवाकी बाबा धाम पुल के समीप शुक्रवार को पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ और कार (वाहन) जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट कार को हाथ देकर बहन चेकिंग के दौरान रुकने का संकेत दिया गया। पर उक्त नहीं रुक बाद में पुलिस द्वारा पीछा करने पर तेज रफ्तार से भागने उक्त हुंडई कंपनी का औरा कार देवाकी बाबा धाम तक पहुंचा। जहां तीखा मोड़ होने के कारण उक्त कार अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह देख उक्त कार में सवार सभी गांजा तस्कर और कार चालक पकड़े जाने के भय से, उक्त कार और पांच बोरा गांजा छोड़कर भागने लगे जिन्हें पुलिस बाल के जवानों ने काफी दूर तक खदेड़कर दो युवकों को पकड़ने में सफल रही। पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया की उक्त 108 किलोग्राम गंज उड़ीसा से तस्करी कर बनारस के मंडी में बेचने के लिए ले जा रहे थे। दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ के क्रम में बताया की मैं अंकित कुमार पांडेय रोहतास का रहने वाला हूं और दूसरा युवक ने अपना नाम राज सिंह उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। बाद में घाघरा पुलिस द्वारा उक्त कार और उक्त कार के डिक्की में रखा गया 108 किलोग्राम गांजा जप्त कर और उक्त दोनो युवकों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए। उन्हें प्रेस मीडिया और न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया हैं। उक्त कार की डिक्की में पांच बोरा में गांजा लदा कर उड़ीसा प्रदेश से तस्करी करने के उद्देश्य और अधिक कीमत में बनारस के मंडियों में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। उक्त बोरा को खोलकर देखा गया , तो उक्त सभी पांचों बोरा में गांजा भरा हुआ था। उक्त घटना के बाद घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। उक्त घटना की जानकारी गुमला जिला पुलिस कप्तान (शंभू कुमार सिंह) महोदय को और मुझे (एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ) दी गई थी, उक्त पांच बोरा गांजा का वजन 108 किलोग्राम है जिसकी मूल्य 19 से 20 लाख रुपया बताई जा रहे हैं , गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह एवं एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव उक्त नेटवर्क को तोड़ने के लिए गहराई से पूछताछ , छानबीन और जांच में जुट गए है. गांजे का मूल्य लगभग 19 से 20 लाख रुपया बताया जा रहा हैं।

## 20 हजार चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के तेतरा टोली निवासी युवक अमित बिरसा लोहरा को गोवा पुलिस ने पालकोट थाना पुलिस के सहयोग से उसके घर से उसे गिरफ्तार अपने साथ ले गयी गोवा , गोवा पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के उपरांत उसे लेकर अपने साथ गोवा चली गई। जानकारी के मुताबिक उक्त युवक गोवा के एक दुकान में काम करता था और कुछ माह पूर्व ही वह अपने घर लौटा था। उसने मौका देख कर 20,000 हजार की चोरी कर गोवा से रफू चक्कर हो गया थी। इस संबंध में उक्त दुकान के मालिक ने गोवा थाना पुलिस में चोरी की एक प्राथमिक की दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में अमित का नाम सामने आया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने पालकोट थाना पुलिस के समक्ष पहुंचकर और पालकोट थाना पुलिस के सहयोग से उक्त युवक को रिमांड मैं लेकर अपने साथ गोवा चली गई।

## साइकिल सवार व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र के कटकाया के समीप बाइक के टक्कर से कटकाया निवासी 48 वर्षीय सुनील एक्का गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। वही बाइक सवार तेजी से घटना स्थल से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति किसी काम से मांझा टोली गया था। वहीं वापसी के क्रम में कटकाया के समीप बाइक सवार उसे टक्कर कर मारकर घटनास्थल से फरार हो गया।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75

(विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) विश्रामपुर से रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-गुरहा कला, थाना-विश्रामपुर, थाना नं0-51

पत्रांक-399(A)/भू0अ0, दिनांक-06.06.2024

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का किस्म | भूमि का प्रकार | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | गुरहा कला | 181 | 558 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0494 | 1 | विशुनदेव सिंह, पिता भोदन सिंह | |
| 2 | | 158 | 323 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.3600 | 2 | बिरेन्द्र सिंह, पिता राम गुलाम सिंह | |
| 3 | | 161 | 1349 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.2700 | 3 | श्रीमती मीना देवी, पति बलराम सिंह वो अखिलेश कुमार सिंह, पिता बृजकिशोर सिंह | |
| 4 | | 158 | 320 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0370 | 4 | बिरेन्द्र सिंह, पिता राम गुलाम सिंह | |
| 5 | | 161 | 1349 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.2074 | 5 | 1. सुरेश राम, पिता करीमन राम वो रंजु कुंवर, पति स्व0 अनील राम 0.1400 ए0 2. अरूण राम वो अजय राम, पिता विदेशी राम 0.0674 ए0 | |
| 6 | | 159 | 1352 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0820 | 6 | 1. दिलिप कुमार सिंह, पिता युगेश्वर सिंह 0.0320 ए0 2. सुरेश राम, पिता करीमन राम वो रंजु कुंवर, पति स्व0 अनील राम 0.0500 ए0 | |
| 7 | | 88 | 444 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.2276 | 7 | 1. अशोक सिंह वो अलख कुमार सिंह, पिता स्व0 नन्द बहादुर सिंह 2. अंचित कुमार सिंह, पिता स्व0 बम बहादुर सिंह | |
| 8 | | 151 | 460 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0330 | 8 | मनोरमा देवी, पति अशोक सिंह | |
| 9 | | 136 | 461 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0486 | 9 | कृष्णा नन्द सिंह, पिता यमुना सिंह | |
| 10 | | 65 | 557 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टांड़-3 | 0.0220 | 10 | कृष्णा मुरारी सिंह, पिता स्व0 नगीना सिंह | |
| | | | | | कुल :- | 1.3370 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 325644 Palamu (24-25)_D



## प्रपत्र VI 'क' राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

ज्ञापांक-328(A)/भू0अ0 दिनांक-14.03.2024

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-ईटखोरी, थाना नं0-45 थाना-ईटखोरी, अंचल-ईटखोरी, जिला-चतरा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना चौपारण चतरा पथ के 17वें कि0मी0 में उच्च स्तरीय बक्शा पुल निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारो के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-ईटखोरी, थाना-ईटखोरी थाना नं0-45 अंचल-ईटखोरी, जिला-चतरा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.54 एकड़ यानि 0.2185 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 129 | 580 | रैयती | खेत धान-II | 0.12 | 1. रामबिलास सोनार पिता-स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता-रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति-प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता-स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 579 | खेसरा सं0 581 | खेसरा सं0 575, 574 | खेसरा सं0 583 |
| 02 | 129 | 574 | रैयती | खेत | 0.07 | 1. रामबिलास सोनार पिता-स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता-रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति-प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता-स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 575 | खेसरा सं0 565 | खेसरा सं0 575, 580 | खेसरा सं0 581 |
| 03 | 129 | 565 | रैयती | खेत | 0.18 | 1. रामबिलास सोनार पिता-स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता-रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति-प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता-स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 573, 574 | खेसरा सं0 584 | – | खेसरा सं0 566 |
| 04 | 124 | 566 | रैयती | खेत | 0.03 | 1. रामचन्द्र साहु पिता-स्व0 धनु साहु 2. पानो कुंवरी पति-स्व0 रामदास सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 585 | खेसरा सं0 564 | खेसरा सं0 565 | – |
| 05 | 124 | 573 | रैयती | खेत | 0.04 | 1. रामचन्द्र साहु पिता-स्व0 धनु साहु 2. पानो कुंवरी पति-स्व0 रामदास सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 581 | खेसरा सं0 565 | खेसरा सं0 574 | खेसरा सं0 581 |
| 06 | 7 | 581 | रैयती | खेत | 0.10 | हरि राम पिता-स्व0 बंधन राम, ईखोरी | खेसरा सं0 580 | खेसरा सं0 573 | खेसरा सं0 574 | खेसरा सं0 582 |
| | | | | कुल रकवा- | 0.54 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-जिला पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त चतरा।

Pr325637 Land Reforms(24-25)D

# गोमो के दो घरों में चोरी, 50 हजार नकद व 6 लाख के जेवरात ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** गोमो के समीप हरिहरपुर के संथालडीह गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया. दोनों घरों का ताला तोड़कर 50 हजार रुपए नकद, 6 लाख के आभूषण व 50 हजार की अन्य संपत्ति की चोरी कर ली. मिली जानकारी के अनुसार गांव रेलकर्मी रामचंद्र ठाकुर रात में परिवार के साथ छत पर सोये हुए थे. छोटा भाई कैलाश ठाकुर ससुराल गया था. इसका फायदा उठाते हुए चोर चहारदीवारी तड़प घर में घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़कर अलमीरा व बक्सा को तोडकर करीब 50 हजार रुपए नकद सहित लगभग 6 लाख के जेवरात ले उड़े. कैलाश ठाकुर ने बताया कि भगिनी की शादी के लिए पिछले एक साल से तैयारी कर जेवरात खरीदे थे. चोर सोने की चेन, मांगटीका, झुमका, कान की बाली समेत पत्नी व बहन के भी जेवरात ले गए हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के व्यापक प्रचार के लिए निकाला गया जागरूकता रथ




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के द्वारा जागरूकता रथ को रवाना किया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना की जानकारी दी जा सके। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा योजना के व्यापक जागरूकता को लेकर लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया जा रहा है। बताया गया कि उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले में संचालित सुनिश्चित कराया जा रहा है। ताकि जिले के योग्य लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकें। जागरूकता को लेकर बस स्टैंड के यात्री शेड में सहायता-सह-जागरूकता केंद्र खोला गया है।

## Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**(Short Term Tender)**

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/718/2024-25
Date:- 05.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening and Strengthening/Reconstruction work of Godermana I.B. Approach Road (Total Length 1.3 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 4,14,55,177.00 (Rupees Four crore Fourteen Lakh Fifty five thousand One hundred Seventy Seven) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 4,15,000.00 (Rupees Four Lac Fifteen thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 02 (Two) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 26-06-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 13-06-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

*Further details can be seen on website* http://jharkhand tenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 325510Road(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय
## गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड
## कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा

E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com
Phone No. 06561-222104

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना**

**HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-3/2024/752**

| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
|---|---|---|
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2024 से 30.09.2024 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–17.06.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.06.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–17.06.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.06.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–24.06.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–25.06.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राशि (EMD)(₹2500/–से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–24.06.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–25.06.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान | दिनांक–27.06.2024, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह/0
काराधीक्षक
मंडल कारा, गढ़वा

PR 325512 Prison(24-25).D

**बरही देश का प्रमुख चौराहा, फिर भी सुविधा और सुरक्षा नगण्य**

# ढाई वर्षों से खराब पड़ा है सीसीटीवी बेखौफ होते हैं अवैध व्यापार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** तीन राष्ट्रीय राजमार्गो का संगम स्थली और देश के प्रमुख चौराहा होने के बाबजूद बरही चौक पर मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा नदारथ है. जो राहगीरों से लेकर स्थानीय लोगो के लिए दुखद और दर्दनाक है. करीब चार वर्ष बरही के पूर्व एसडीओ (आईएएस) डॉ ताराचंद की पहल पर बरही चौक पर सीसीटीवी लगाए गए थे. जिससे बरही चौक के विभिन्न गतिविधियों पर निगरानी रखी जाती थी. इससे अवैध कारोबारियो को भय बना था. पर यह तीसरी आंख आज लगभग ढाई वर्षों से खराब और गायब है. जिसे पुनर्जीवित करने की दिशा में अब तक कोई पहल नही देखी जा रही है. आलम है कि बेखौफ अवैध व्यापार और धंधे जारी है. सबसे बड़ा चौक बाबजूद कोई ट्रैफिक पोस्ट या सिंगनल नहीं होना सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बता रहा है. शाम होते हीं बरही चौक पर मवेशियों का लगा जमावड़ा आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित करता रहता है. इसके साथ ही बरही चौक पर व्याप्त गंदगियां प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान का खुल्लेआम मजाक बना रखा है. इसके साथ ही वाहन स्टैंड, मछली बाजार, सब्जी बाजार, ठेला बाजार आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़को पर बाजार लगना जिससे आए दिन दुर्घटना और सड़क जाम की संभावनाएं बनी रहती है.

# पर्यावरण संरक्षण अभियान में योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान में विशेष योगदान देने वाले धनयडीह स्कूल इको क्लब के छात्र-छात्राओं को विधालय के प्रधानाध्यापक सह क्लब के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद सिंह एवम वरीय शिक्षक सह क्लब के संयोजक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस बाबत वरीय शिक्षक सह धनयडीह स्कूल इको क्लब संयोजक संजीव कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट - एनईपी के तहत विद्यालय के छात्र- छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ साथ नेतृत्व क्षमता का विकास, विद्यालय आने के प्रति रुचि, विभिन्न प्रकार के जीवन कौशल का विकास, अधिगम प्रतिफलों में सुधार तथा नई प्रकार के प्रभावशाली कार्यों में रुचि बढाई जा रही है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय परिवार क्लब के सदस्यों का सम्मानित करता है। विधालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने धनयडीह स्कूल इको क्लब के गतिविधियों की प्रशंसा में कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट - एनईपी के तहत विधालय हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय शिक्षक संजीव कुमार , राहिल मेरी हंसदा , मनोज कुमार , प्रमिला कुमारी , सुनीता कुमारी , अमोद कुमार सिंह , रामलखन साहू , कृष्णदेव साहू , रीता मिश्रा , आईटीसी प्रभारी सुनील कुमार दास ने योगदान दिया।

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
## (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**अतिअल्पकालीन नीलामी सूचना**

लोहरदगा में दीदी कैफे निर्माण स्थल मौजा–हरमू खाता संख्या–220 प्लॉट सं0–126 में अवस्थित 21 लिप्टस पेड की नीलामी दिलांक 14.06.2024 को अपराह्न 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में की जायेगी। इच्छुक डाकवक्ता डाक से पूर्व पहचान पत्र एवं 30000/–(तीस हजार रूपये) का बैंक ड्रॉफ्ट जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.325580 Lohardaga (24-25):D

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष सं०- Email {dlaopalamau@gmail.com}

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू-अर्जन शाखा)

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

अधिघोषणा संख्या :–395 (C)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–05.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–मलाह टोली, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–53, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.3940 एकड़ यानि 0.1594 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.3940 एकड़ यानी 0.1594 हेक्टेयर है और जो ग्राम–मलाह टोली, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–53, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है :–

ग्राम–मलाह टोली, थाना सं0–53, कुल रकबा–**0.3940** एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 24 | 324 | रैयती | टांड़ 3 | 0.07 | बनारसी महतो वो हरिहर महतो पिता स्व0 चलितर महतो वो विशुनधारी महतो पिता स्व0 सगुनी महतो सा0 मलाह टोली | | | | | |
| 2 | 72 | 327 | रैयती | टांड़ 3 | 0.3240 | नागेसर चौधरी वो दिपेश्वर चौधरी पिता स्व0 महाबीर चौधरी दो अंश वो गणेश महतो पिता नन्हकु महतो एक अंश वो लक्ष्मण महतो पिता बुटु चौधरी एक अंश सा0 मलाह टोली0 | | | | | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.580 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.2560 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.3240 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| | | | | कुल :– | 0.3940 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..........×.......... थाना..........×.......... थाना सं0..........×.......... अंचल..........×..........जिला. ..........×.......... क्षेत्रफल ..........×.......... एकड़..........×.......... यानि..........×.......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0,पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.325634Palamu(24-25):D

**स्कूल खुला, शिक्षक रहे गायब**

गिरिडीह। तिसरी प्रखंड के खिजुरी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय निमाडीह शनिवार को बंद रहा। विद्यालय में प्रधान शिक्षक समेत कुल तीन शिक्षक हैं, जिसमें से एक सहायक शिक्षक प्रवीण सिंह ही केवल उपस्थित थे। विद्यालय का चाभी सचिव के पास रहने के कारण विद्यालय का ताला ही नहीं खुला।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**चोरी गई वाहन**
**(हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–149/24 दिनांक–16.03.24 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0– JH14H2015, इंजन नं0–HA11EYMHG66726 एवं चेचिस नं0–MBLHAW129MHG76847 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 325582 (Police) 24-25 (D)

## प्रपत्र VII
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अर्जन निदेशालय)
## या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**
**ज्ञापांकः–568/भू0अ0दिनांकः– 25.05.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना–कठौतिया–शिवपुर न्यू बी0 जी0 रेलवे लाईन** हेतु ग्राम– **दुवारी**, थाना नं0– **71** थाना– **गिद्धौर**, अंचल– **गिद्धौर**, जिला– **चतरा** में कुल रकबा **1.6475** एकड़ यानि **0.66673** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.6475** एकड़ यानि **0.66673** हेक्टेयर है और जो ग्राम– **दुवारी**, थाना नं0– **71** थाना– **गिद्धौर**, अंचल– **गिद्धौर**, जिला– **चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | 2815 | रैयती | कृषि | 0.35 | टोपन गोप वगैरह पिता–स्व0 सहदेव गोप एवं अन्य वो जगदीश गोप वगै0 पिता–स्व0 लाटो गोप बनाम जीरवा देवी पति–बुधन गोप | प्लॉट सं0–2814 | प्लॉट सं0–2817 | रास्ता के नीज प्लॉट | प्लॉट का शेष भाग |
| 2 | - | 2829 | रैयती | कृषि | 0.115 | जगदीश गोप पिता–स्व0 लाटो गोप वगै0 | नीज | प्लॉट सं0–2865 | नीज | रास्ता |
| 3 | - | 3065 | रैयती | कृषि | 0.02 | जगदीश गोप पिता–स्व0 लाटो गोप | नीज | नीज | नीज | प्लॉट सं0–2865 |
| 4 | 66 | 2857 | रैयती | कृषि | 0.04 | मसो0 फगुनी देवी पति–स्व0 बनारस गोप | नीज | शिवन चमार | नीज | महादेव गोप |
| 5 | 37 | 2890 अंश | रैयती | कृषि | 0.045 | तुलसी यादव पिता–स्व0 महरू गोप | प्लॉट सं0–2894 | प्लॉट सं0–2891 | प्लॉट सं0–2891 | प्लॉट 2890 का शेष भाग |
| 6 | 97 | 3046 अंश | रैयती | कृषि | 0.015 | मुनिया देवी पति–स्व0 कोयली गोप | प्लॉट सं0–3044 | प्लॉट का शेष मात्र | प्लॉट सं0–3051 | प्लॉट सं0–3045 |
| | | 3045 अंश | रैयती | कृषि | 0.01 | महावीर मोची पिता–स्व0 डिलो मोची | – | – | – | – |
| | | 3046 अंश | रैयती | कृषि | 0.01 | त्रिलोकी रविदास पिता–स्व0 कैल रविदास | – | – | – | – |
| | | 3046 अंश | रैयती | कृषि | 0.005 | लखन मोची पिता–स्व0 जगदीश मोची | – | – | – | – |
| 7 | 115 | 3061 | रैयती | कृषि | 0.2975 | गुलाम रसुल पिता–स्व0 काशिम मियां | प्लॉट सं0–3062 | नीज | प्लॉट सं0–3062 | नीज |
| 8 | 34 | 24 | रैयती | कृषि | 0.015 | अस्पष्ट | प्लॉट का शेष भाग | प्लॉट का शेष भाग | प्लॉट सं0 26 | प्लॉट का शेष भाग |
| 9 | 13 | 29 | रैयती | कृषि | 0.555 | अस्पष्ट | प्लॉट सं0–64 | प्लॉट सं0–64 | प्लॉट सं0–64 | प्लॉट सं0– 64 एवं 28 |
| 10 | 165 | 31 | रैयती | कृषि | 0.13 | शिवा यादव वो चोवा यादव पिता–स्व0 चेतो यादव | रूपलालयादव | नंकु यादव | नीज | नीज |
| 11 | 21 | 3044 | रैयती | कृषि | 0.04 | अजय कुमार दास पिता–स्व0 बंधन मोची | – | – | – | – |
| | | | | कुल रकवा | 1.6475 | | | | | |

**संरचना का विवरणी**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 149 | 36 | रैयती | कूप | 10′ ब्यास | बालेश्वर यादव वो हिरा यादव वो केदार यादव वो बुधन यादव पिता–स्व0 दयाली यादव | – | – | – | – |

**वृक्ष का विवरणी**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | वृक्ष का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 29 | 2830 | रैयती | 01 परंभी पेड़ | | दशरथ यादव वो प्रेम यादव वो रतन यादव पिता–स्व0 मुरती यादव | – | – | – | – |
| 14 | 138 | 2856 | रैयती | 2 महुआ पेड़ | | हीरा दास पिता–स्व0 जयराम दास बनाम विजय रविदास वगै0 पिता–स्व0 प्रयाग रविदास | – | – | – | – |
| 15 | 37 | 2891 | रैयती | 1 महुआ पेड़ 01 नीम पेड़ | | किसुन यादव पिता–स्व0 बुधन यादव | – | – | – | – |
| 16 | 56 | 2893 | रैयती | 01 महुआ पेड़ | | ऐनुल मियां पिता–स्व0 हमिद मियां | – | – | – | – |
| 17 | 83 | 2894 | रैयती | 02 महुआ पेड़ | | मोईन उदीन पिता–स्व0 राज बली मियां | – | – | – | – |
| 18 | 29 | 3065 | रैयती | 01 नीम पेड़ 01 महुआ पेड़ | | जगदीश गोप पिता–स्व0 लाटो गोप | – | – | – | – |
| 19 | 37 | 2890 अंश | रैयती | 01 महुआ पेड़ | | तुलसी यादव पिता–स्व0 महरू गोप | – | – | – | – |
| 20 | 115 | 3061 | रैयती | 04 महुआ पेड़ | | गुलाम रसुल पिता–स्व0 काशिम मियां | – | – | – | – |
| 21 | 165 | 31 | रैयती | 01 महुआ पेड़ | | शिवा यादव वो चोवा यादव पिता–स्व0 चेतो यादव | – | – | – | – |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

ग्राम–X, थाना–X थाना सं0–X अंचल–X, जिला–X क्षेत्रफल X एकड़ X यानि X हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैः–X

उपायुक्त,
चतरा।

PR 325636 (Land Reforms) 24-25 (D)

## उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

**बाल विकास परियोजनाओं में रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/ सहायिका चयन हेतु आमसभा की प्रेस विज्ञप्ति विवरणी :–**

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | रिक्त आं0 केन्द्र का नाम | पद का नाम– सेविका/सहायिका (जिस पर चयन किया जाना है) | आमसभा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार | मंगरा | सहायिका | 01.07.2024 |
| 2 | | हरतुआ | सेविका | 02.07.2024 |
| 3 | | डेमु सेमरी टोला | सहायिका | 04.07.2024 |
| 4 | | उपरलोटो | सहायिका | 05.07.2024 |
| 5 | | किनामांड | सहायिका | 04.07.2024 |
| 1 | चन्दवा | चटुआग | सहायिका | 6/25/2024 |
| 2 | | चतरो | सहायिका | 6/25/2024 |
| 3 | | हिसरी | सेविका | 6/26/2024 |
| 4 | | चिल्द्री | सहायिका | 6/26/2024 |
| 5 | | सॉस | सहायिका | 6/27/2024 |
| 6 | | लोहरसी 1 | सहायिका | 6/27/2024 |
| 7 | | बनहरदी 1 | सेविका | 6/28/2024 |
| 8 | | लटदाग | सहायिका | 6/28/2024 |
| 9 | | ढोंटी बरवाटोली | सेविका | 6/29/2024 |
| 10 | | रलिया | सहायिका | 6/29/2024 |
| 1 | बालूमाथ | लावागड़ा 1 | सेविका | 25.6.2024 |
| 2 | | हिसरी | सेविका | 27.6.2024 |
| 3 | | बठेट | सहायिका | 27.6.2024 |
| 4 | | केडू | सहायिका | 29.6.2024 |

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | रिक्त आं0 केन्द्र का नाम | पद का नाम– सेविका/सहायिका (जिस पर चयन किया जाना है) | आमसभा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनिका | बरवाडीह | सेविका | 25.06.2024 |
| 2 | | बाड़ी | सहायिका | 27.06.2024 |
| 3 | | जमुना | सहायिका | 27.06.2024 |
| 4 | | कुरूंद | सेविका | 28.06.2024 |
| 5 | | पंसागन | सेविका | 29.06.2024 |
| 6 | | बिशुनबांध | सहायिका | 26.06.2024 |
| 1 | बरवाडीह | झरना | सहायिका | 26.06.2024 |
| 2 | | बढ़नीया | सहायिका | 26.6.2024 |
| 3 | | कुटमु– 2 | सहायिका | 27.6.2024 |
| 4 | | खुरा– 2 | सहायिका | 27.6.2024 |
| 5 | | लादी | सेविका | 28.06.2024 |
| 6 | | मतनाग | सहायिका | 29.06.2024 |
| 1 | महुआंडाड़ | तेवाही | सहायिका | 26.06.2024 |
| 2 | | नेतरहाट | सेविका | 29.06.2024 |
| 3 | | कुरोखुर्द | सहायिका | 28.06.2024 |
| 4 | | डांडकापु | सेविका | 25.06.2024 |
| 5 | | तिसिया | सेविका | 27.06.2024 |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 325586 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

## शिक्षा जगत

# नीट की नीयत में खोट!



डॉ. सत्यवान सौरभ

***राष्ट्रीय*** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। ठीक हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह, लेकिन इन क्षेत्रों में पेपर लीक होते हैं। इस बार 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए, यह पूरी तरह असंभव है। पिछले साल तीन छात्रों ने 720 अंक हासिल किए थे। इस परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने आज ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। क्या यह देश का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला है? छह छात्रों के सीट नंबर एक ही क्रम से हैं। दो छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं, यह पूरी तरह असंभव है। नीट परीक्षा में 180 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार अंक होते हैं। यदि कोई एक प्रश्न गलत करता है तो उसके अंक 715 और 716 के आसपास होने चाहिए। यह पूरी तरह से घोटाला है लेकिन नीट इसे नजरअंदाज करने जा रही है? सीरियल नंबर 62 से 69 तक के छात्रों के लिए केंद्र कोड एक ही है। नीट 2024 में ग्रेस मार्क्स एक और घोटाला है। क्या सभी टॉपर परीक्षा देने के लिए एक ही केंद्र पर जाते हैं? दाल में कुछ काला और पूरी दाल ही काली है? हर छात्र को निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए, कट-ऑफ में यह भारी वृद्धि स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने पर पेपर लीक का संकेत देती है। एनटीए द्वारा सबसे अधिक संभावना एक बड़ी प्रोग्रामिंग त्रुटि है जिसमें उन्होंने ओएमआर प्रतिक्रिया पत्रक के आधार पर अंकों का गलत मूल्यांकन किया है। छात्र 718, 719 अंक प्राप्त नहीं कर सकते हैं। पूर्ण अंक 720 हैं। प्रत्येक सही के लिए, आपको 4 मिलता है और प्रत्येक गलत के लिए आपको -1 मिलता है। इसलिए, यदि कोई छात्र- सभी 180 प्रश्न सही करता है, तो उसे 720 अंक मिलते हैं जो प्राप्त करने योग्य है। 1 गलत, 179 सही, उसे 715 मिलते हैं। 0 गलत, 179 सही, उसे 716 मिलते हैं तो, 718, 719 कैसे प्राप्त किया जा सकता है? ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि वे -5 के बजाय प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए -1 प्रदान करें। ऐसे में हम भूल रहे हैं कि इस साल नीट में कितना बड़ा घोटाला हुआ है? और आश्चर्य की बात है कि हर कोई इसके बारे में चुप है, सिर्फ इसलिए क्योंकि एनटीए एक विश्वसनीय केंद्रीय एजेंसी है? एक छात्र को 720/720 स्कोर करने के बाद भी एम्स दिल्ली में मौका नहीं मिल रहा है? क्या यह किसी तरह की लापरवाही है? परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून (चुनाव परिणाम दिवस) को क्यों घोषित किए गए? कुछ गड़बड़ है, लाखों नीट उम्मीदवार इसका उत्तर चाहते हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अपराध है कि एनटीए लाखों छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि नीट पेपर लीक के कारण विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। और चुनाव नतीजों की शाम को नतीजे जारी करने का यह विचार सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश का एक और तरीका है। स्कूल बोर्ड भी इससे अछूते नहीं दिखते। अनुचित साधनों के इस्तेमाल, कदाचार, धोखाधड़ी और पेपर लीक के कारण कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रभावित हुईं। लोग यह नहीं समझते कि 2016 में #CBSE द्वारा पेपर लीक और घोटालों के कारण ही पुनः नीट आयोजित किया गया था, इसे 2024 में फिर से क्यों नहीं आयोजित किया जा सकता है? साथ ही एक जगह नहीं, बहुत जगहों पर पेपर लीक हुआ है, 5 मई से पहले पेपर सकुर्लेट हो रहा था टेलीग्राम पर। जिसे एनटीए ने नहीं स्वीकारा। इस साल परीक्षा पेपर लीक के कई मामलों ने एक बार फिर देश की शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली की नींव हिलाकर रख दी है। सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा, NEET UG 2024 से लेकर राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं तक, कई परीक्षाओं में गड़बड़ी की गई है, जिससे उन लोगों के लिए निष्पक्षता और न्याय पर एक वैध सवाल खड़ा होता है, जिन्होंने परीक्षा पास करने के लिए किसी भी अनुचित तरीके का सहारा नहीं लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारतीय विचार विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय



हृदयनारायण दीक्षित



'विकसित भारत' का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह

**भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है।**

प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं। लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है। मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, ''भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।'' बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है। भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की। 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुल कर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है। योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग



ललित गर्ग

**राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है।**

***लोकसभा*** चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मर्यादा का खुला हनन हो रहा है। इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना असंभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है। पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## राजनीति

# मोदी के बाद योगी ने खूब बहाया पसीना



उमेश चतुर्वेदी

***73*** साल की उम्र में नरेंद्र मोदी ने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। आम चुनाव के नतीजों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगर नतीजे एक्जिट पोल जैसे ही रहते हैं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यूं तो हर जीत का सेहरा सेनापति के ही सेहरे पर बंधता है। नरेंद्र मोदी बीजेपी के हरावल दस्ते के अगुआ हैं, इसलिए निःसंदेह मौजूदा जीत उनकी ही होगी। लेकिन इस जीत के बीजेपी की ओर से कई और नायक भी हैं। मोदी और अमित शाह की जोड़ी को भारतीय राजनीति की सबसे सफल जोड़ी की प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है। जाहिर है कि इस जीत के नायक अमित शाह भी हैं। लेकिन बीजेपी के तीसरी बार सत्तारोहण में एक और शख्स की मेहनत भी शामिल है। ये शख्स हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। भारत में अगर 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोटिंग किया है, उन्हें मतदान केंद्रों तक बुलाने में राजनीतिक दलों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। दिलचस्प यह है कि बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देश भर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया। योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया। मौजूदा चुनाव अभियान जैसे शुरू हुआ था, एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, 'जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है। मोदी यहीं नहीं रूके। उन्होंने योगी सरकार द्वारा शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसकी वजह से पूरे देश में उत्तर प्रदेश की नई इज्जत बनी है। योगी को उत्तर प्रदेश के विरोधी दल बुलडोजर बाबा कहते रहे हैं। इससे योगी की नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की जाती रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# इन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



आर.के. सिन्हा



**अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है।**

***लोकसभा*** चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय मैदान में थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लू स्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हंसोड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र छह साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आआप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आआप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आआप को हार का सामना करना पड़ा। आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दर्शाता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकतें करने से बाज नहीं आते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** — आपके पूंजीगत निवेशों से लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

**वृषभ** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन** — पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क** — मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह** — निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला** — ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**धनु** — अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुम्भ** — हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन** — मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

# छत्तीसगढ़: नारायणपुर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

## 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद, 3 जवान घायल



एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में शुक्रवार दोपहर गोबेल के जंगल में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 03 महिला एवं 03 पुरुष नक्सलियों के शव एवं हथियार बरामद किए गए हैं। हथियारों में 3 राइफल व बीजीएल लॉन्चर सहित कुल 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। नक्सलियों के शवों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि पूर्व बस्तर डिवीजन इलाके में मुंगेड़ी, गोबेल गांव के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद 6 जून की रात को दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी, 45वीं वाहिनी आईटीबीपी, एवं सीआरपीएफ की टीम मौके के लिए रवाना हुई थी। 7 जून को नक्सलियों के बीच दिनभर चली मुठभेड़ के बाद शुक्रवार रात पुलिस की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक 5 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए जाने के साथ 3 जवानों के घायल हो गए। शनिवार दोपहर 12 बजे जारी की गई जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए जाने के साथ मुठभेड़ में 3 जवान घायल हो गए। घायल जवानों को हेलिकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है और इन जवानों की स्थिति सामान्य व खतरे से बाहर होने का दावा किया गया है। आज शाम 04 बजे जगदलपुर के त्रिवेणी परिसर में बस्तर आईजी संबंधित डीआईजी, एसपी एवं सीआरपीएफ के अधिकारी मुठभेड़ से संबंधित जानकारी विस्तार से देंगे।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इसमें नारायणपुर डीआरजी के तीन जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ समाप्त हो गई है, जवान वापस लौट रहे हैं, वापसी के बाद आज शाम 04 बजे जगदलपुर के त्रिवेणी परिसर में विस्तृत जानकारी विस्तार से दी जाएगी।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी को सात साल की सजा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार पांच सौ रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। महाराजगंज जेल में बंद इरफान सोलंकी की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में दोषी करार दिए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व साथी शौकत अली, मो. शरीफ और इसराइल आटे वाला की सजा का ऐलान हो चुका है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी दोषियों को सात साल जेल की सजा सुनाई है। डीजीसी क्राइम दिलीप अवस्थी ने बताया इरफान सोलंकी को जाजमऊ आगजनी केस में सात साल जेल की सजा सुनाई गई है। 30 हजार 500 का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही रिजवान सोलंकी, इजराइल आटे वाला, मो. शरीफ और शौकत अली को भी सात साल की सजा सुनाई गई है। इन सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। अगर जुर्माने की रकम अदा नहीं करते हैं तो इन्हें तीन महीने की अतरिक्त सजा काटने होगी।

### दिल्ली के नरेला में फैक्ट्री में लगी आग

# तीन की मौत, 6 घायल



एजेंसी


**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में बीती रात भीषण आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक पाइपलाइन में गैस लीक होने के कारण आग फैक्ट्री में फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और विस्फोट हो गया। मृतकों की पहचान श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार तड़के 3:35 बजे नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) से फैक्ट्री में आग लगने और उसमें कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (आउटर नॉर्थ) आर. के. सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जब श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड पर पहुंची तो देखा कि आग ने फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया था। उन्होंने कहा, फैक्ट्री में कुछ लोग मौजूद थे। कुल नौ पीड़ितों को बचाया गया और नरेला के आरएचसी अस्पताल ले जाया गया। आरएचसी अस्पताल पहुंचने पर तीन को मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि छह घायलों में से पांच पुष्पेंद्र (26), आकाश (19), मोहित कुमार (21), मोनू (25) और लालू (32) को आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, रवि कुमार (19) को मामूली चोटें आई हैं। डीसीपी ने कहा कि फैक्ट्री के मालिक रोहिणी निवासी अंकित गुप्ता और विनय गुप्ता हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कच्चे मूंग को गैस बर्नर पर भूना गया था, पाइपलाइन में से एक पर गैस लीक होने से आग फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और विस्फोट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की।

# 'रामोजी राव का निधन, पत्रकारिता व सिनेमा के क्षेत्र में बड़ी क्षति'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन को पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति बताया है। संघ ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए यह भी कहा कि पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में उनकी अग्रणी भूमिका और योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए बयान जारी कर कहा, ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का निधन मुख्यतः पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। इन क्षेत्रों में अनूठी विशेषताओं और परंपराओं को जोड़ने में उनकी अग्रणी भूमिका और उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

दत्तात्रेय होसबाले ने आगे कहा, उनके शोक-संतप्त परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें। ॐ शांन्तिः॥

आपको बता दें कि रामोजी फिल्म सिटी और ईनाडु के संस्थापक रामोजी राव का हैदराबाद में शनिवार की सुबह 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रामोजी राव पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हैदराबाद के स्टार अस्पताल में शनिवार सुबह 3:45 बजे उनका निधन हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू, नरेंद्र मोदी, नड्डा, मल्लिकार्जुन खरगे, राजनाथ सिंह और ओम बिरला सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

नरेंद्र मोदी ने रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने पत्रकारिता और फिल्मी दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, रामोजी राव गारू का निधन बेहद दुखद है। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी।

# दिल्ली समेत समूचे उत्तर पश्चिम भारत में अगले 5 दिनों तक लू चलने की संभावना



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। वहीं, राजधानी और दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर -पश्चिम भारत में 9 जून से अगले पांच दिनों तक लू चलेगी और अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अति गर्मी पड़ने की संभावना है। इसके साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने कहा कि मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के मुंबई सहित कुछ और हिस्सों और तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। अगले तीन-चार दिनों में इन क्षेत्रों में मानसून दस्तक दे देगा। भारत मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में मध्य प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु में भारी वर्षा देखी गई। 8-11 जून में महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना। मौसम विभाग ने रविवार के लिए मध्य प्रदेश में ओळावृष्टि होने चेतावनी दी है। इसके साथ महाराष्ट्र, केरल में भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला

## 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में सात और आरोपितों के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए ने अतहर सईद, अमृतपाल सिंह, अवतार सिंह, हरविंदर सिंह, तहसीम, दीपक खुराना और अहमद फरीद के खिलाफ कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की है।

एनआईए के अनुसार ये सभी आरोपित देश भर में दवाओं की तस्करी और नशीले पदार्थों (ड्रग्स) की बिक्री से मिली रकम को विदेश स्थित मुख्य आरोपितों तक पहुंचाने में भी शामिल थे। एनआईए ने इस मामले में पहले ही चार आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के मुताबिक अप्रैल, 2022 में भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने कुल 102.784 किलोग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) जब्त किया था, जिसकी बाजार में कीमत करीब सात सौ करोड़ रुपये आंकी गई थी। यह हेरोइन दो खेप में अमृतसर पहुंचाई जानी था। इसलिए इस ड्रग्स को लिकोरिस रूट्स (मुलेठी) की खेप में छिपाया गया था।

# दिल्ली सरकार जल संकट पर बुलाए विधानसभा का विशेष सत्र : भाजपा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश दिल्ली सरकार पर लगातार हमलावर है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जल मंत्री आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए दिल्ली के जल संकट के लिए हरियाणा सरकार पर झूठे दोषारोपण की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि आतिशी कब तक झूठ बोल कर दिल्ली वालों को जल समस्या पर गुमराह करेंगी। हर बात के लिए विशेष सत्र बुलाने वाली सरकार को जलसंकट पर भी विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जल समस्या जल शुद्धिकरण की कमी से नहीं बल्कि वजीराबाद, सोनिया विहार, ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जल स्टोरेज तालाबों में भरी गाद से जल बबार्दी, सप्लाई के दौरान जल चोरी एवं लीकेज से है। दिल्ली में पेय जल का 53 प्रतिशत चोरी या लीकेज से बर्बाद होता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है कि जल मंत्री आतिशी अविलंब जल संकट पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं। दिल्ली में विधानसभा का

## वजीराबाद बैराज का आतिशी ने किया निरीक्षण, यमुना का जलस्तर और घटा

दिल्ली सरकार में जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को वजीराबाद बैराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2 जून के 671.3 फीट की तुलना में 7 जून को यहां जल स्तर घटकर 669.7 फीट रह गया है। जल मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के लोगों के पानी की समस्या के समाधान को लेकर लगातार सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने अपर यमुना बोर्ड की बैठक के आदेश दिए और सोमवार को दोबारा सुनवाई होगी। इसी के साथ उन्होंने हरियाणा सरकार पर भी साजिश रचने का भी आरोप लगाया। आतिशी ने आरोप लगाया कि दो जून को जब से पानी का ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है, तभी से हरियाणा सरकार ने दिल्ली की ओर यमुना में पानी छोड़ना कम कर दिया है। नतीजतन यहां जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। जलमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली पानी की सप्लाई के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी में वही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है। जब पानी की सप्लाई ही कम हो जाएगी और वॉटर ट्रीटमेंट प्लाट में पानी ही कम जाएगा तो सप्लाई पर इस असर पड़ना लाजिमी है। इससे दिल्ली की जनता को परेशानी होगी।

## जांच : बंगाल घोटाले में दिल्ली से जाएंगे सीबीआई अधिकारी

**कोलकाता।** सीबीआई के कुछ वरिष्ठ अधिकारी अगले सप्ताह पश्चिम बंगाल जाएंगे। वे वहां राज्य में भ्रष्टाचार और चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों में एजेंसी द्वारा की जा रही जांच की प्रगति की समीक्षा करेंगे। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रैंक के ये अधिकारी कोलकाता के निजाम पैलेस और सॉल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई के कार्यालयों में विभिन्न मामलों के जांच अधिकारियों से साथ बैठकें करेंगे। जानकारी मिली है कि की जा रही जांच की प्राथमिक रिपोर्टें हाल ही में कोलकाता से एजेंसी के मुख्यालय भेजी गई थीं। इन रिपोर्टों की समीक्षा के बाद एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को जांच की प्रगति की समीक्षा के लिए कोलकाता भेजने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि समीक्षा के बाद दिल्ली से गये वरिष्ठ अधिकारी इन मामलों में जांच के अगले चरण का ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। सीबीआई का यह फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पश्चिम बंगाल में स्कूलों में हुई लगभग 26 हजार भर्तियां निरस्त करने के मामले पर 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

## आईएमए में अंतिम पग भरते ही 355 युवा भारतीय सेना का बने हिस्सा

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में अंतिम पग भरते ही शनिवार को 355 युवा भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनके साथ ही मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउटपरेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। कैडेट ने शनिवार सुबह आईएमए के चेडवुड ड्रिल स्क्वायर से कसम लेकर कदम ताल करते हुए विजय धुन पर परेड मार्च किया। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन उनकी हौसला अफजाई के लिए मौजूद रहे। इन कैडेट ने आईएमए से अंतिम पग भरने और कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम बढ़ाया।

## नीट-यूजी / एनटीए ने 1500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए समिति गठित की

# समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी

*एनटीए ने पेपर लीक नहीं होने की पुष्टि की*

एजेंसी





**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बबार्दी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए। पूरे देश में इस परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं किया गया। हमने अपने सिस्टम का विश्लेषण किया और पाया कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ। एनडीए के डीजी ने कहा कि जिन नीट अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक दिए गए हैं, उनके परिणाम संशोधित किए जा सकते हैं, प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स मुद्दे की समीक्षा करने वाला पैनल एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

उल्लेखनीय है कि एनटीए ने 5 मई 2024 को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी। 14 विदेशी केंद्रों सहित यह परीक्षा 571 शहरों में 4750 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। 14 लाख 6 हजार उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। 4 जून को परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था।

## भुवनेश्वर से कोलकाता आ रही बस के पलटने से 15 लोग हुए घायल

**कोलकाता।** भुवनेश्वर से कोलकाता आ रही एक निजी बस पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नारायणनगर इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में करीब 15 यात्री घायल हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा शनिवार सुबह खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर हंडला राजगढ़ इलाके में हुआ। घटना की सूचना नारायणनगर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर नारायणगढ़ पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों का मकरमपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, हादसे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस के प्रयास से स्थिति सामान्य हुई।

# बिहार में सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत से भी कम लोग : पीके

एजेंसी



**पटना।** बिहार में जहां लोकसभा चुनाव और आचार संहिता के समाप्त होने के बाद सरकार ने रिक्त पदों को भरने की कवायद शुरू की है, वहीं देश के चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज यात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में चपरासी से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक को भी अगर आप जोड़ लें, तो 2 प्रतिशत से भी कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं। उन्होंने कहा, शिक्षकों की भर्ती करके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव खुद अपनी वाहवाही लूटने में लगे हैं। जो सिस्टम है, जिसे आप तंत्र कहते हैं, सरकारी नौकरियों में पूरे बिहार में 1.57 प्रतिशत लोग ही हैं। चपरासी से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक को भी अगर आप जोड़ देंगे, तो 2 प्रतिशत से भी कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि बिहार में जो व्यवस्था है, वह सिर्फ 2 प्रतिशत सरकारी नौकरी करने वाले लोगों की वजह से नहीं है। दिक्कत यह है कि जो जनप्रतिनिधि हैं, वो अधिकारियों को चुनकर बैठाते हैं। अधिकारी वैसे ही काम करता है, जैसा वो कराना चाहते हैं। पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने आगे कहा, यही नीतीश कुमार हैं, 2005 से 2010 में यही तंत्र था, यही अधिकारी थे और इन्हीं की वजह से कई क्षेत्रों में सुधार दिखा।

## एक नजर

### फीफा विश्व कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**कोलकाता।** भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम शनिवार शाम को कोलकाता से दोहा के लिए रवाना होगी। टीम मंगलवार को अल रयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में दो बार के एशियाई चैंपियन कतर से भिड़ेगी। गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेलने के बाद भारत -3 के गोल अंतर और पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### पंजाब एफसी ने जीता ड्रीम स्पोर्ट्स फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब

**मुंबई।** पंजाब एफसी ने शुक्रवार को मुंबई के कूपरेज फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी पर 1-0 की जीत के साथ ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। अर्शवीर सिंह के एकमात्र गोल ने पंजाब एफसी को इस अंडर-17 क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन सीजन का विजेता बनाया। दोनों टीमें मैच में कई मौकों पर गोल करने के करीब पहुंच गई थीं लेकिन वे फिनिशिंग टच नहीं दे सकीं। चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने वाले देबोजीत रॉय 21वें मिनट में ईस्ट बंगाल के लिए गोल करने के बिल्कुल करीब पहुँचे।

### बांग्लादेश की श्रीलंका पर दो विकेट से रोमांचक जीत

**डलास।** बांग्लादेश ने श्रीलंका को टी 20 विश्व कप के मुकाबले में शनिवार को दो विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने काफी धैर्य दिखाया और 125 के छोटे लक्ष्य को छह गेंद और दो विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। बांग्लादेश की जीत के स्टार रहे युवा स्पिनर ऋषद हुसैन, जिन्होंने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन पर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उनकी महत्वपूर्ण सफलताओं,जिनमें चरित असालंका (19) और वानिंदू हसारंगा (0) के लगातार गेंदों पर विकेट शामिल हैं।

# भारत-पाक के बीच महामुकाबले में पिच पर भी रहेगी सबकी नजर

*भारत के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी की जबकि रोहित और पंत ने बेहतर बल्लेबाजी*



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** द्विपक्षीय सीरीज की अनुपस्थिति में भारत-पाकिस्तान के मुकाबले बहु राष्ट्रीय टूनार्मेंटों या वैश्विक टूनार्मेंटों में देखने को मिलते हैं जिसका मतलब है कि टी 20 विश्व कप के रविवार को होने वाले दोनों देशों के महामुकाबले के साथ रोमांच और पिच को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी रहेगी। रविवार को दोनों टीमें जब टी 20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में भिड़ेंगी तो न्यूयॉर्क को अहसास होगा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबले का रोमांच क्या होता है। इस महामुकाबले में उतरने से पहले पिछली आतंकी धमकी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है और न्यूयॉर्क में ड्राप इन पिचों की प्रवृत्ति को लेकर चर्चा जोरों पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने स्वीकारा है कि न्यूयॉर्क में पिचें मानकों के अनुरूप नहीं हैं और वे इस स्थल पर शेष मैचों के लिए पिचों पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अत्यधिक सीम मूवमेंट और असमान उछाल का मतलब है कि यहां अब तक हुए तीन मैचों में कम स्कोर देखने को मिले हैं और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी उठी हैं। आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा को कंधे में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा जबकि ऋषभ पंत को कोहनी पर चोट लगी।

क्रिकेट के दृष्टिकोण से भारत अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को ध्वस्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर है। भारत के गेंदबाज सटीक निशाने पर थे जबकि रोहित और पंत ने बेहतर बल्लेबाजी प्रदर्शन किया। एकमात्र सवाल यही है कि उन्हें देखना होगा कि फॉर्म में चल रहे चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के लिए टीम में जगह बनती है या नहीं जिनका पाकिस्तानी बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है। इसके अलावा, स्टेडियम से परिचित होने से भारत को अतिरिक्त बढ़त भी मिलती है, क्योंकि उसने इस महीने की शुरूआत से यहां आयरलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ (अभ्यास मैच में) खेला है। पाकिस्तान के लिए, यह पहली बार है कि वे इस विश्व कप में न्यूयॉर्क में खेलेंगे।

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास आफरीदी, मोहम्मद आमिर, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह आफरीदी और उस्मान खान।

### न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं कोहली



न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी। भले ही पिछले कुछ वर्षों में इन दोनों टीमोंके बीच होने वाले मैच उतने रोमांचक नहीं रहे हैं, लेकिन केवल कई देशों वाले टूनार्मेंट में ही इनके भिड़ने के कारण इसका महत्व हमेशा अधिक रहता है। अमेरिका में भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के काफी लोग रहते हैं तो मैदान के पूरी तरह भरे रहने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच 12 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से नौ में भारत और तीन में पाकिस्तान को जीत मिली है। टी20 विश्व कप में ये आंकड़े और भी मजबूती से भारत के पक्ष में जाते हैं क्योंकि इसमें भारत ने सात में से छह मैच जीते हैं।

## व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/ बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में परिश्रम दिव्यांग स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आशा की किरण, प्रसन्नता और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मंच प्रदान करते हुए एक बहुत ही विशेष व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। इसका शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इसमें 60 दिव्यांग एथलीटों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट में 10 अनुरक्षकों के साथ 35 पुरुष और 25 महिला एथलीट शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी श्री श्री रवि शंकर के साथ भारतीय पैरालंपिक समिति के एथलेटिक्स अध्यक्ष सत्यनारायण, पूर्व सैनिक और टोक्यो पैरालिंपिक के मुख्य वर्गीकरणकर्ता और चिकित्सा निदेशक डॉ अमेया आदि मौजूद थे। पुरुषों का टेस्ट मैच 8 से 9 जून के बीच एसएसआरवीएम ग्राउंड्स पर खेला जा रहा है और अंतराल के दौरान महिलाओं का टी 20 मैच खेला जाएगा।

## डीएसए ए डिवीजन लीग : यंग ब्वायज और यूनाइटेड की जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ द मैच दिशान शबीर के दो बेहतरीन गोलों की मदद से यंग ब्वायज एफसी ने जुबा सांघा को 4-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। दो गोल सूरज सिंह और डाउंजल ने बांटे। पराजित टीम का इकलौता गोल आशीष शॉ के नाम रहा। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में दिल्ली यूनाइटेड ने शिमला यंग एफसी को 2-0 से पराजित किया। सौरभ दलाल और हिमांशु यादव ने यूनाइटेड के लिए गोल जमाए। यंग ब्वायज ने कागजों पर मजबूत टीम के विरुद्ध अभियान की शुरूआत तेज गति के साथ की और जुबा सांघा की कमजोर रक्षा पंक्ति को आसानी से झकझोरते हुए पहले हाफ में चार गोल की बढ़त बना ली। इससे पहले कि जुबा सांघा के रक्षक कुछ समझ पाते विजेता टीम ने मजबूत बढ़त बना ली।

हालांकि दूसरे हाफ में पराजित टीम एक गोल उतार पाई लेकिन तब तक उसकी हार पर मुहर लग चुकी थी। सुदेवा अकादमी के खिलाड़ियों से सजी यंग ब्वायज को दूसरे हाफ में ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान पराजित टीम ने कुछ मौके भी गंवाए। एक समय तक शिमला यंग दिल्ली का चैंपियन क्लब था लेकिन अब वह पहले वाली बात नजर नहीं आती। मैच दर मैच खराब फार्म में चल रहे शिमला यंग की अग्रिम पंक्ति ने कुछ आसान मौके भी गंवाए ।

## रॉकमैन प्रीमियर लीग : चैलेंजर्स ने सुपरजॉयंट्स को हराया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रॉकमैन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में चैलेंजर्स ने सुपर जॉयंट्स को 50 रन से हरा दिया। मैच में चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन के 84 रन की पारी के बदौलत 213 रन विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सौरव और अमन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सौरव ने 68 और अमन ने 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं विपक्षी टीम की श्रेया ने एक विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपरजॉयंट्स की टीम 168 रन ही बना सकी। टीम के लिए आशीष ने45 और आदित्य ने 33 रन बनाए।

**वॉरियर्स ने स्मैशर्स को हराया**

स्मैशर्स के साथ खेले गए मुकाबले में वॉरियर्स की टीम ने 31 रन से जीत दर्ज की। वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करती हुई निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाई। टीम के लिए रोहित ने सर्वाधिक 48, दिनेश ने 45 व जीतेंद्र ने 42 रन बनाए। विपक्षी टीम के शिवम ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्मैशर्स की टीम जीतेंद्र की धारदार गेंदबाजी के सामने 138 रन ही बना सकी।

## भारत में पहली द्विपक्षीय शृंखला खेलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में भारत का दौरा करेगी, जिसमें लॉरा डेलानी की अगुआई वाली टीम हरमनप्रीत कौर की टीम के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह पहली बार होगा जब कोई आयरिश टीम (पुरुष या महिला) द्विपक्षीय दौरे के लिए भारत का दौरा करेगी। आयरिश पुरुष टीम 2011 विश्व कप के लिए भारत आई थी, क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आयरिश महिलाएँ 30 दिसंबर को भारत पहुँचेंगी और दो सप्ताह तक वहाँ रहेंगी।

## बटलर और वॉर्नर पर होंगी सबकी निगाहें

एजेंसी

**बारबाडोस।** शनिवार को टी20 विश्व कप 2024 में एक धमाकेदार मैच देखने को मिलेगा जब ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से 10 में ऑस्ट्रेलिया और 11 में इंग्लैंड को जीत मिली है। दो मैचों के परिणाम नहीं निकल पाए हैं। वर्तमान टूनार्मेंट में ऑस्ट्रेलिया ने ओमान के खिलाफ आराम से जीत हासिल की थी, लेकिन इंग्लैंड का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था।



**हालिया फॉर्म :** फरवरी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 2-1 जबकि न्यूजीलैंड को 3-0 से मात दी थी। इसके बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी आईपीएल 2024 में व्यस्त हो गए थे। टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ जीत और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार मिली थी। गौर करने वाली बात ये भी है कि दोनों अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया अपने मुख्य छह खिलाड़ियों के बिना उतरी थी। इंग्लैंड ने विश्व कप से ठीक पहले मई के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज की थी।

**दोनों टीमों के अहम खिलाड़ी :** ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर अहम होंगे तो वहीं अहमियत और जरूरत को देखते हुए एश्टन एगर को भी लाया जा सकता है। वॉर्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक लगाया था और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के टॉप-7 में से छह बल्लेबाज दाएं हाथ के हैं तो ऐसे में बाएं हाथ के स्पिनर एगर को लाया जा सकता है।

## भारतीय पहलवानों ने कुश्ती रैंकिंग सीरीज में जीता रजत

**बुडापेस्ट।** भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने शुक्रवार को बुडापेस्ट में पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट (बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज) में अपने-अपने मैचों में रजत पदक जीते, जबकि शीर्ष पहलवान विनेश फोगट को कोई पदक नहीं मिला। 19 वर्षीय भारतीय ने 2021 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कटारजीना क्रावज़िक को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## एप्पल को पीछे कर एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी बड़ी कंपनी

एजेंसी


**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढ़ने के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।




यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है। इससे पहले 2002 में भी ऐसा हो चुका है। उस समय दोनों कंपनियों की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर से कम थी।

# मोदी ने मस्क से कहा, बिजनेस पार्टनर्स को मजबूत कारोबारी माहौल देगा भारत

*जून 2023 में मस्क ने अमेरिका में पीएम मोदी से मुलाकात की थी*



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देने के लिए टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रतिभाशाली युवा और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति सभी बिजनेस पार्टनर्स के लिए सुरक्षित कारोबारी माहौल प्रदान करेगी। अरबपति एलन मस्क ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को तीसरी बार फिर से चुने जाने पर बधाई दी थी। मस्क ने बताया कि उनकी कंपनियां जल्द ही भारत में निवेश करने की सोच रही हैं। एलन मस्क की बधाई पर पीएम मोदी ने कहा, आपकी बधाई के लिए शुक्रिया एलन मस्क। पीएम मोदी ने कहा, "देश के प्रतिभाशाली युवा, हमारी जनस पूवार्नुमानित नीतियां और स्थिर लोकतंत्र सभी बिजनेस पार्टनर्स के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करना जारी रखेंगे।" पीएम मोदी को बधाई देने के लिए मस्क ने एक्स पर लिखा था, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव में आपकी जीत पर बधाई, मुझे उम्मीद है कि मेरी कंपनियां भारत में अच्छा काम करेंगी।"स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ के 21 और 22 अप्रैल को भारत आने और पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद थी। हालांकि बाद में उन्होंने काम का हवाला देते हुए अपनी इस यात्रा को स्थगित कर दिया। वहीं मस्क ने बाद में कहा कि वह इस साल के अंत में भारत आ सकते हैं। जून 2023 में मस्क ने अमेरिका में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। तब टेक अरबपति ने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी। टेस्ला के भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने और बड़े पैमाने पर निवेश करने की उम्मीद है।

## युवाओं में मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित होने की संभावना अधिक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने कहा है कि युवा वयस्कों और महिलाओं में मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित होने की संभावना अधिक होती है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) एक जटिल दीर्घकालिक ऑटोइम्यून और न्यूरोलॉजिकल बीमारी है,जो मुख्य रूप से सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है, जिसके चलते अनेक प्रकार के लक्षण और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों का अनुमान है कि दुनिया भर में 1.8 मिलियन से अधिक लोग मल्टीपल स्क्लेरोसिस से पीड़ित हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, भारत में मल्टीपल स्क्लेरोसिस प्रति 100,000 लोगों में से 7 से 30 के बीच है। गुरुग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के न्यूरोसाइंसेज और न्यूरोसर्जरी विभाग के वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. हिमांशु चंपानेरी ने आईएएनएस को बताया, "एमएस किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है, हालांकि 20 से 40 वर्ष की आयु के लोगों में इसको अधिक देखा गया है। महिलाएं असमान रूप से इससे प्रभावित होती हैं। उनमें पुरुषों की तुलना में इस स्थिति के होने की संभावना दो से तीन गुना अधिक होती है।" सामान्य लक्षणों में सुन्नता या संवेदी हानि, अंगों या चेहरे में पेरेस्थेसिया, दृष्टि हानि, एक या अधिक अंगों में कमजोरी, चलते समय दोहरी दृष्टि असंतुलन और मूत्राशय संबंधी समस्याएं जैसे पेशाब रोकने या पेशाब करने में कठिनाई शामिल है।

# विटामिन डी के लिए नियमित जांच की जरूरत नहीं : डॉक्टर

*स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नियमित 25 हाइड्रॉक्सी विटामिन डी परीक्षण के खिलाफ सुझाव दिया*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी एंडोक्राइन सोसायटी की नई गाइडलाइन सामने आई है। जिसमें डॉक्टरों ने कहा है कि हड्डियों और हृदय के लिए आवश्यक विटामिन डी के लिए किसी तरह की कोई नियमित जांच की जरूरत नहीं है। इसे सनशाइन विटामिन के नाम से भी जाना जाता है, यह एक वसा में घुलनशील



विटामिन है जो डी-2 और डी-3 दो मुख्य रूपों में पाया जाता है। विटामिन डी हड्डियों और दांतों के विकास और प्रतिरक्षा प्रणाली के नियमित कामकाज के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है। कई अध्ययनों ने इसकी कमी को मसक्यूलोस्केलेटल, मेटाबॉलिक, कार्डियोवैस्कुलर, घातक ऑटोइम्यून और संक्रामक रोगों सहित आम विकारों से जोड़ा है। इसके परिणामस्वरूप लोगों में जांच करवाने के मामले में वृद्धि हुई है। अमेरिका में एंडोक्राइन सोसाइटी ने इस सप्ताह एक नई गाइडलाइन जारी की, जिसमें 75 वर्ष की आयु तक स्वस्थ वयस्कों के लिए विटामिन डी की जांच नहीं कराने की सिफारिश की गई है। पैनल ने सामान्य रूप से स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नियमित 25 हाइड्रॉक्सी विटामिन डी परीक्षण के खिलाफ सुझाव दिया। पी.डी. हिंदुजा अस्पताल की सेक्शन हेड एंडोक्रिनोलॉजी कंसल्टेंट्स फुलरेणु चौहान ने आईएएनएस को बताया, "विटामिन डी का सेवन लगभग हर व्यक्ति करता है।

जो स्वास्थ्य पोषण, स्वास्थ्य प्रशिक्षकों और इसी तरह के अन्य क्षेत्रों से संबंधित है, जिन्हें इस बात का बिलकुल भी अंदाजा नहीं है कि विटामिन डी के उच्च स्तर या खुराक से क्या हो सकता है।" उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि लेबोरेटरी भी अपने पैकेज में विटामिन डी जांच की सुविधा दे रही है।

## इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने का आरबीआई का प्रयास शानदार

**नई दिल्ली।** आरबीआई द्वारा रेपो रेट को यथावत रखने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए नया इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने को लेकर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की ओर से केंद्रीय बैंक की सराहना की गई है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में मुख्य अर्थशास्त्री, डॉ. एसपी शर्मा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। लेकिन, आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। फिलहाल हमें आने वाले समय में महंगाई को देखना होगा।

## भारत ने 722 करोड़ का सोना खरीदा दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा खरीदार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी पहक ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा। सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा। बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने गोल्ड रिजर्व में करीब 204 टन सोने की बढ़ोतरी की। मार्च 2019 में देश का गोल्ड रिजर्व 618.2 टन था, जो 31 मार्च 2024 को 33% बढ़कर 822.1 टन हो गया। हालांकि, इस दौरान सोने की कीमतों में करीब 70% की बढ़ोतरी हुई है। सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से बीते माह ग्लोबल गोल्ड मार्केट में औसत दैनिक ट्रेडिंग वॉल्यूम 18 लाख करोड़ रुपए रहा। यह अप्रैल 2024 की तुलना में 13% कम, लेकिन 2023 के औसत 13.6 लाख करोड़ रुपए रोजाना से 32.51% ज्यादा है।

## मुथूट फिनकॉर्प ने 'बुक माई गोल्ड लोन' कैंपेन शुरू किया

**नई दिल्ली।** देश में 137 साल पुराने मुथूट पप्पाचन ग्रुप की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (एमएफएल) ने शुक्रवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपना 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान (कैंपेन) शुरू किया। मुथूट पप्पाचन ग्रुप को मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है। यह कैंपेन भारत में अपनी तरह की पहली सर्विस पेश करता है। 'किसी भी समय, कहीं से भी तुरंत गोल्ड लोन बुक करें'।

भाजपा सांसद के पोस्ट से राज्य में सियासी पारा चढ़ा, सीएम को सचेत होने की सलाह

# कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेवारी देने के संकेत

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

2024 लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के बाद राज्य के सियासी समीकरण में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। शनिवार को राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तब और भी बढ़ गई, जब सुबह-सुबह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेलकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के मुलाकात के बाद गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इस राजनीतिक तापमान को और भी बढ़ा दिया।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सीएम चंपाई सोरेन को होशियार रहने को कहा है। अपने पोस्ट में भाजपा सांसद ने लिखा है- ह्लचंपाई दा होशियार, कल्पना भाभी आ गई हैं, झारखंड में वर्तमान सरकार के लिए आने वाला 7 दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला हैह्व। निशिकांत दुबे के इस पोस्ट के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया। हालांकि झामुमो ने भाजपा सांसद के बयान पर सिरे से खारिज कर दिया है। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा सांसद अपने पोस्ट के माध्यम से केवल खबरों में बने रहना चाहते हैं। निशिकांत के ट्वीट का हकीकत से दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है। यह पूरी तरह से बेबुनियाद है।





## विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन में बदलाव संभव

राज्य में विधानसभा का चुनाव इस साल के अंत में होना तय है। से में पार्टी कमान संभालने के लिए कल्पना सोरेन को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है। लोकसभा चुनाव में कल्पना सोरेन जिस तरह चुनाव प्रचार के दौरान जनता के बीच की, उनकी लोकप्रियता बढ़ी उसको देख कर पार्टी में जोश की उम्मीद जगी है और अब पार्टी उन्हें विधानसभा चुनाव में भी उनकी लोकप्रियता का फायदा उठाना चाहती है।

क्योंकि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन पूरी तरह से अस्वस्थ्य हैं,जबकि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जेल में बंद है। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सबसे वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री हैं और उनपर सरकार के काम की जिम्मेदारी है। जिससे उनकी व्यस्तता भी ज्यादा है। ऐसे में पार्टी के कामों को देखने और चुनाव की तैयारियों के लिए कल्पना सोरेन की जरूरत महसूस की जा रही है। झामुमो के बड़े नेता भी मानते हैं कि कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। शिबू सोरेन की सहमति के बाद कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी जल्द ही दे दी जाएगी।

# मंत्री आलमगीर को बर्खास्त करने की हिम्मत सीएम चंपई में नहीं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम के सभी विभाग को वापस ले लिया है, लेकिन उन्हें मंत्री पद से हटा नहीं है और बिना विभाग के आलमगीर आलम अभी भी मंत्री पद पर बने हुए हैं। इसी मुद्दे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपई सोरेन पर जोरदार हमला बोला है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि चंपई सोरेन जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। आलमगीर आलम का भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद चंपई सोरेन उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। सीएम ने शुक्रवार को मंत्री आलमगीर आलम के दायित्व वाले सभी विभागों को वापस ले लिया था, लेकिन वे मंत्री पद पर अब तक बने हुए हैं। आलमगीर आलम के पास ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग थे। वे सरकार में दूसरे नंबर की हैसियत वाले मंत्री माने जाते रहे हैं। मरांडी ने लिखा, सूचना के मुताबिक कठपुतली मुख्यमंत्री ने आलमगीर आलम के दायित्व वाले विभाग वापस लिए हैं, लेकिन मंत्री पद से नहीं हटाया है। बीते 4 साल झारखंड की जनता विशेषकर युवाओं के लिए भारी रहे हैं। झारखंड के युवा नौकरी की आस में टकटकी लगाए बैठे रहे, लेकिन हेमंत सोरेन ने स्थानीय युवाओं को नियोजन नीति, 60-40, बाहरी-भीतरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों में उलझा कर नौकरियों की सौदेबाजी करने का प्रयास किया। बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हेमंत के जेल जाने के बाद जनता को आस थी कि चंपई सोरेन नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे, भ्रष्टाचार को रोकेंगे, अपराधियों पर लगाम कसेंगे, लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। अब जनता तय करे कि ऐसा मुख्यमंत्री किस काम का, जो ना तो भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की हिम्मत रखता हो, ना पेपर लीक माफियाओं को सबक सिखाने की हिम्मत रखता हो, ना ही जिसमें युवाओं को रोजगार देने की इच्छाशक्ति हो।




## मंत्री टेंडर में कमीशन लेने का आरोप

आलमगीर आलम को टेंडर कमीशन घोटाले में ईडी ने 15 मई की शाम को गिरफ्तार किया था। इसके पहले ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम सहित कई अन्य के ठिकानों पर 6-7 मई को छापेमारी की थी और इस दौरान 37 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की गई थी। झारखंड में इसके पहले भी कई मंत्री गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन जेल जाते ही उन्हें पद से हटना पड़ा था। यहां तक कि सीएम के पद पर रहते हुए जब ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार करने का फैसला किया, तो उन्होंने हिरासत में लिए जाने के पहले रात दस बजे राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया था।

## न्यूज | बॉक्स

### मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे वंदे भारत के लोको पायलट



**रांची।** रांची रेल डिविजन के लोको पायलट एसपी तिर्की को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। एसपी तिर्की रांची-हावड़ा व रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन के लोको पायलट हैं। उन्हें राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का भी अनुभव है। एसपी तिर्की को बेस्ट रेलवे वर्कर का पुरस्कार भी मिल चुका है। वे गुमला के निवासी हैं और फिलहाल राजधानी रांची में बिरसा चौक के पास रहते हैं। उनके आलावा देश भर से 10 लोको पायलट को पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है।

### राज्य में जल, जंगल, जमीन की लूट के खिलाफ जल्द होगा उलगुलान : भुनेश्वर

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य में जल जंगल जमीन की लूट और विस्थापन के खिलाफ उलगुलान होगा। खुलेआम गैरमजारूआ जमीन एवं जंगल की जमीन की लूट हो रही है जिस पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तमाशाबीन बने हुए हैं। मेहता शनिवार को हजारीबाग स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में कहा कि केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ जमीन से अधिक जमीन और वन विभाग की जमीन की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि आज से पिछले 4 वर्ष पूर्व 500 एकड़ जमीन वन विभाग की जमीन पास हुआ था लेकिन आज तक विभाग मौन है कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिले के बड़कागांव और केरेडारी, सदर, कटकमदाग हजारीबाग के आसपास के गांव में खास महल के लगभग 20 हजार एकड़ जमीन की लूट हुई है। इस संबंध में कई जांच हुई, जांच की फाइलें जिला प्रशासन के कार्यालय और राज्य सरकार के दफ्तर में दबी रह गई। किसी प्रकार की कोई कार्रवाई आज तक देखने को नहीं मिली है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सरकार गठन को लेकर...**

सांसदों को फोन कर सूचित किया जाएगा जिनका नाम रविवार शाम को 7:15 बजे प्रधानमंत्री के साथ मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए फाइनल हुआ है। आपको बता दें कि पीएम आवास जाकर नरेंद्र मोदी को सारी रिपोर्ट देने से पहले शनिवार को ही भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के आवास पर शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की एक महत्वपूर्ण बैठक भी हुई थी। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को जेपी नड्डा के आवास पर भी कई राउंड की मैराथन बैठक हुई थी। शुक्रवार की मैराथन बैठक में जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर मंत्रिमंडल के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया था।

**प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण के...**

को दिल्ली के मध्य भाग की ओर जाने वाली कई सड़कें बंद की जा सकती हैं या सुबह से ही यातायात में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर शनिवार से ही जांच बढ़ा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 293 सीट जीतकर बहुमत हासिल किया है।

**सर्वसम्मति से पुनः कांग्रेस संसदीय...**

था जब हमने दोबारा सोनिया गांधी का कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष पद के लिए समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे दल की स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी तब सोनिया गांधी ने हम सब को संबोधित करते हुए कहा था कि हम उस समय से उबर जाएंगे। यह उन्हीं शब्दों के नतीजे आज आपको वर्तमान में दिखाई दे रहे हैं।

**ट्रैफिकिंग की शिकार 14 लड़कियों...**

जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। छापामार टीमों ने पाया कि इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था। छापे के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापेमारी टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे। बचपन बचाओ आंदोलन ने एनसीपीसीआर को दी गई शिकायत में यह मुद्दा उठाया था कि बाल तस्कर (ट्रैफिकर) प्लेसमेंट एजेंसी होने का नाटक कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों को लाते हैं। इसके बाद या तो उन्हें नियोक्ताओं को बेच दिया जाता है या वेश्यावृत्ति के धंधे में झोंक दिया जाता है।


# District Legal Services Authority,Lohardaga

E-mail-dlsalohardaga@gmail.com

**Advertisement No. 01/LADCS/2024**

**Dated 5th day of June, 2024**

**Notice No. 1 contractual engagement of**
**(i) Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist)**
**(ii) Peon**

Applications are invited from the eligible candidates having requisite qualification for the contractual full time engagement for the posts of
**(i) Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist)**
**(ii) Peon**
in the Legal Aid Defense Counsel Sysyem(LADCS) under the District Legal Services Authority, Lohardaga. The duly filled appilcation form along with self attested copies of documents must be addressed to the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Lohardaga. Application may be submitted either through speed post, registered post or in person in envelope which must reach in the office of the Secretary, DLSA, Lohardaga, on or berore 21st June, 2024 by 12:30 PM. Any application received after due date and time shall not be considered. Name of the post for which you apply should be mention on the envelope is mandatory.

| Name of Post | Number of vacancy |
|---|---|
| Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist) | 01 (Contractual Basis for one year) |
| Peon | 01 (Contractual Basis for one year) |

**2. Honorarium:-** For Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator (Typist)- Rs.15,000/- P.M.
For Peon- Rs. 10,000/- P.M.

**3. Qualifications:-**
**1) For Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist)**
- Graduate or its equivalent
- Ability to operate Computer and Word Porcessing Skill
- 40 WPM typing skill. Preferrence will be given to those whos know both English and Hindi typing.
- Excellent oral and written communication skills
- Ability to take dictation and enter data
- File maintenance and processing knowledge
- Ability to operate telecommunication system (telephone, fax machine and printer)

2) **For Peon**
- Matric Pass

4 **Age Limit:-**
**1) For Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist):-**
The age limit of the applicant for the above post should be minimum 21 years and maximum 40 years as on 01.06.2024 .
2. **For Peon:-**
The age limit of the applicant for the above post should be minimum 18 years maximum 40 years.
4 A candidate must attach the self attested copy of the certificates related to their age, education, caste and having any special knowlegde.
5 The application form may be downloaded from official website of Civil Court, Lohardaga https://lohardaga.dcourts.gov.in and can be obtained from the office directly.
6 The application must be filled in Hindi/English language and it should be addressed to the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Courts, Lohardaga, in person or by registered post or speed post by 21.06.2024 (till 12:30 PM)
7. Separate applications are to be filled for
(i) Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-Data Entry Operator(Typist)
(ii) Peon

PR 325528 Lohardaga(24-25)D No. 01/LADCS/2024 Dated 05th day of June, 2024

Secretary,
D.L.S.A.,Lohardaga



# कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

## आम सूचना
## शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2024–25 (01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025) के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–20.06.2024 दिन–वृहस्पतिवार को समय–11:00 बजे पूर्वह्न में अधोहस्ताक्षरी के पुराना समाहरणालय स्थित जिला परिषद् कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 655500.00 | 98325.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 150938.00 | 22641.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 24798.00 | 3720.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 34587.00 | 5189.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 112125.00 | 16819.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 60807.00 | 9122.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 52723.00 | 7909.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 80194.00 | 12030.00 |

**नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्तें**
1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। पूर्व में प्रकाशित PR NO.325435 Rural Development (24-25)D में इस हद तक संशोधित समझा जाय।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 325594 (Rural Development) 24-25 (D)



# कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VII राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (जिला भू–अर्जन शाखा)
### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–395 (B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–05.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–56, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.2180 एकड़ यानि 0.0882 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.2180 एकड़ यानी 0.0882 हेक्टेयर है और जो ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–56, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना सं0–56, कुल रकबा–0.2180 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 48 | 1257 | बकास्त | टांड़ 3 | 0.0300 | कवीरन बीबी पति स्व0 सुकरूदीन अंसारी सा0 मुरमाखुर्द | - | - | - | - | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.163 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.133 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.03 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| 2 | 75 | 1305 | रैयती | टांड़ 3 | 0.1880 | लक्ष्मनिया देवी पति क्षत्रपति चौधरी, बालेश्वर साव पिता स्व0 रामेश्वर साव वो धनवंती देवी पति रामचन्द्र चौधरी वो रघुनाथ साव वो अशोक साव पिता स्व0 युगेश्वर साव वो वैजनाथ चौधरी पिता सहदेव चौधरी सा0 मुरमाखुर्द | - | - | - | - | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.520 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.3320 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.1880 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| | | | | कुल :– | 0.2180 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×............ थाना..............×............ थाना सं0..............×............ अंचल............ ×..............जिला............×............ क्षेत्रफल ............×............ एकड़..............×............ यानि............×............ हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 325633 Palamu (24-25)D



# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन''प्रकल्प''लातेहार।

**E-mail –sbmdpmulatehar@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), लातेहार अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु विभिन्न स्वयं सहायता समूहों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के खाते में जिला मुख्यालय से राशि हस्तांतरण किया गया था। वर्त्तमान में भी निम्न विवरणी के अनुसार बार–बार सूचना देने के उपरांत भी शेष राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित है, और शेष राशि भी लौटाया नहीं जा रहा है। जिसका विवरणी निम्नवत है :–

| क्र.सं. | संस्था का नाम एवं पता | कुल बकाया राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष– निलमनी उरांव, कोषाध्यक्ष–संगीता देवी, सरना दल SHG ग्राम–ओल्हेपाठ, पचायत–चेताग, थाना+प्रखण्ड –बालुमाथ | 792000.00 | |
| 2 | अध्यक्ष–जितनी देवी, कोषाध्यक्ष–फुलमनी देवी, चमेली SHG ग्राम–मरमर, पंचायत–माल्हन, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 372000.00 | |
| 3 | अध्यक्ष–किसा देवी, कोषाध्यक्ष–पुजा देवी, लक्ष्मी SHG ग्राम–एटे, पंचायत–बारी, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 4 | अध्यक्ष–गुलाबी देवी,, सुर्यमुखी SHG ग्राम–मरमर, पंचायत–माल्हन, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 5 | अध्यक्ष–बसंती देवी, कोषाध्यक्ष–सुनिता देवी, पार्वती SHG ग्राम–एटे, पंचायत–बारी, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 180000.00 | |
| 6 | अध्यक्ष–लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष–सुखमनी देवी, सरना SHG ग्राम–चेटर, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 7 | अध्यक्ष–उषा देवी,, आंगनबाडी सेविका ग्राम–चेटर, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 408000.00 | |
| 8 | अध्यक्ष–सिमा देवी, कोषाध्यक्ष–गीता देवी, नगर भगवती SHG ग्राम–आन, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 156000.00 | |
| 9 | अध्यक्ष–निलम देवी, आगनबाड़ी सेवीका, ग्राम–बनालात, पंचायत–अमरवाडीह, थाना–बारीयातु, प्रखण्ड–बारीयातु | 1020000.00 | |
| 10 | अध्यक्ष–संगीता देवी, कोषाध्यक्ष–सिल्पी देवी, विकास आजिविका सखि मण्डल ग्राम–टुण्डाहूटू पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारीयातु | 240000.00 | |
| 11 | अध्यक्ष–सुनिता देवी, कोषाध्यक्ष–सरिता देवी, दिप आजिविकास सखी मण्डल ग्राम–टोंटी, पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारियातु | 168000.00 | |
| 12 | अध्यक्ष–जुली देवी, कोषाध्यक्ष–गीता देवी, शक्ति SHG ग्राम–टोंटी, पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारीयातु | 156000.00 | |

उपरोक्त एजेंसी के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को सूचित किया जाता है तीन दिनों के अन्दर शौचालय निर्माण का उपयोगिता प्रमाण पत्र या हस्तांतरित राशि को जिला मुख्यालय के खाता में जमा करें अन्यथा आपके उपर सरकारी राशि के वसूली के लिए केस दर्ज की कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन ''प्रकल्प''
लातेहार।

PR 325583 Drinking Water and Sanitation(24-25)D




# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली पहुंची शेख हसीना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन में रविवार 9 जून की शाम को वह अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार को नई दिल्ली पहुंची। इसके अलावा शेख हसीना रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगी। पीएम मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए फोन कर न्योता दिया था। बता दें कि पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के नेताओं को न्योता दिया गया है।

शेख हसीना के अलावा भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल होंगे। खबरों के मुताबिक, पीएम मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर काम करने वाले श्रमिकों, सफाई कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को भी विशेष अतिथि के रूप में न्योता भेजा गया है। इसके अलावा विकसित भारत के



एंबेसडर के रूप में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों पर काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को निमंत्रण भेजा गया है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के खाते में 292 सीटें आई हैं। जबकि इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने 234 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, अन्य के खाते में 17 सीटें आई। भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। भाजपा ने 240 सीटों पर जीत हासिल की है। हालांकि, 2019 के मुकाबले 63 सीटें कम है। तीसरे कार्यकाल में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनने जा रही है। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

## शपथ ग्रहण समारोह में बुलाएंगे तो सोचेंगे : कांग्रेस

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि अभी तक नई सरकार के मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने के लिए निमंत्रण नहीं आया है। अगर शपथग्रहण समारोह में बुलाया जाता है और निमंत्रण पत्र भेजा जाता है तो उस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस कार्यसमित की बैठक के ठीक बाद एक पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने यह कहा।

देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। रविवार, 9 जून शाम सवा 7 बजे राष्ट्रपति भवन में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। देश-विदेश के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भी भेजा जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि आईएनडीआईए के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण नहीं आया है। अगर निमंत्रण आता है तो हमारे नेता इस पर विचार करेंगे। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र और आम जनता की जीत है। कांग्रेस ने संविधान बचाने और समाजिक व आर्थिक समानता को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी जिसका देश ने समर्थन दिया। इसके लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने देशवासियों का आभार जताया है।



## नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी तृणमूल कांग्रेस



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) निरस्त करने की मांग करेंगे।

## मुइज्जू के दौरे से भारत-मालदीव संबंधों में सुधार की उम्मीद



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक घटना बताते हुए शनिवार को कहा कि इसमें शामिल होना उनके लिए 'सम्मान की बात' होगी। मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आज राष्ट्रपति कार्यालय में एक सद्भावना मुलाकात के दौरान मुइज्जू को निमंत्रण पत्र सौंपा। मालदीव के राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी। मुइज्जू के कार्यालय ने कहा, उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी से साथ मिलकर भारत से नजदीकी संबंध और मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर 4 किलो से ज्यादा सोना जब्त

एजेंसी

**कोलकाता ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 4.433 किलो सोने के बिस्कुट और छड़ें जब्त की। सोने की कीमत लगभग 3.24 करोड़ रुपये है।

सोना बांग्लादेश से तस्करी कर भारत लाया जा रहा था। इसे सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। खाजीबागान सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32 बटालियन के जवानों को शुक्रवार को पीर बाबा इलाके में सीमा पार से सोने की तस्करी के प्रयास के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी।

जवानों ने अंधेरा होने के बाद भारतीय सीमा में 7 से 8 लोगों की हरकत देखी। उनमें से दो लोग बांग्लादेश में अपने साथियों की ओर से फेंके गए कुछ पैकेट लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) की बाड़ के पास पहुंचे। तभी बीएसएफ के जवानों ने उन्हें ललकारा। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ के डीआईजी और प्रवक्ता एके आर्य ने कहा, पूरा ग्रुप अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान बीएसएफ ने दो पैकेट बरामद किए, जिनमें 20 सोने के बिस्कुट और दो सोने की छड़ें थीं। बीएसएफ को हाल के महीनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता मिली है। अप्रैल में 9.4 किलो सोना जब्त किया गया था।



*जवानों ने अंधेरा होने के बाद भारतीय सीमा में 7 से 8 लोगों की हरकत देखी।*

# स्मृति और स्वाति सहित 13 लोगों ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** निवर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल सहित 13 लोगों ने शनिवार को अलग-अलग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ह्लस्मृति ईरानी ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने वालों में जयपुर से लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, निसिथ प्रमाणिक, अश्विनी कुमार चौबे और डॉ. सत्यपाल सिंह शामिल थे। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल, केसरी देव सिंह झाला, सुधा मूर्ति, डॉ. भीम सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, बंशीलाल गुर्जर और प्रदीप कुमार वर्मा ने भेंट की। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने भी उपराष्ट्रपति से भेंट की।

## पीएम मोदी को बिना किसी शर्त के समर्थन : जदयू

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले एनडीए में शामिल सभी घटक दलों की बैठक हुई, जहां सभी दल के नेताओं ने पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना। शपथ ग्रहण से पहले जदयू नेता जमा खान और संजय झा की प्रतिक्रिया सामने आई है। जेडीयू नेता और बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि हम अपने नेता के नेतृत्व में काम करते हैं। हमारे नेता के नेतृत्व में बिहार में जो सफलता प्राप्त हुई है, उसके लिए बिहार वासियों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। निश्चित तौर पर जहां हम लोग के नेता हैं, वहां हम लोग हैं। हमारे नेता ने पीएम मोदी को समर्थन दिया है।

## हूती ने लाल सागर में दो वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों की जिम्मेदारी ली

*स्थानीय निवासियों के अनुसार, हवाई हमलों ने दोनों शहरों में हूती सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।*

एजेंसी

**सना।** यमन के हूती समूह ने लाल सागर में दो वाणिज्यिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हमलों ने उन कंपनियों के दो जहाजों को निशाना बनाया, जिन्होंने इजरायली बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के हूती के फरमान का उल्लंघन किया था। उन्होंने जहाजों की पहचान एल्बेला और एएएल जेनोआ के रूप में की। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में सरिया ने कहा कि हमले में कई ड्रोन, बैलिस्टिक और नौसैनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था, और निशाना सटीक था। उन्होंने अपना प्रण दोहराया कि जब तक इजरायल गाजा पर हमले बंद नहीं कर देता, तब तक हूती इस तरह के और हमले करेंगे। इससे पहले अल-मसीरा टीवी ने बताया था कि अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन ने राजधानी सना और बंदरगाह शहर होदेइदाह पर कई हवाई हमले किए। स्थानीय निवासियों के अनुसार, हवाई हमलों ने दोनों शहरों में हूती सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हूती समूह ने पिछले साल नवंबर से गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाकर एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से हमले किये हैं।

## युद्धविराम चर्चा के लिए प. एशिया आएंगे ब्लिंकेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन गाजा में युद्धविराम के प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह पश्चिम एशिया की यात्रा पर जाने वाले हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ब्लिंकेन सोमवार से बुधवार तक मिस्र, इजरायल, जॉर्डन और कतर के दौरों पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मंत्री सहयोगी देशों के साथ एक ऐसे युद्धविराम समझौते पर पहुंचने की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा इजरायल और फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच गाजा में महीनों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक नई तीन चरणों वाली योजना का हिस्सा है।

# महायुति विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी, एमवीए का झूठा

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन किया। इससे विचलित हुए बिना भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को विधायकों की बैठक में उनसे सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के लिए कमर कसने और कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास जताया कि महायुति राज्य विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल करेगी। दरअसल, महा विकास अघाड़ी की ओर से सेट किए गए झूठे नैरेटिव का समय खत्म हो चुका है। यह विधानसभा चुनावों में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि एकजुटता दिखाकर, पूरी ताकत और शक्ति से



*महा विकास अघाड़ी की ओर से सेट किए गए झूठे नैरेटिव का समय खत्म हो चुका है।*

चुनाव लड़कर महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता बरकरार रखना संभव होगा। इससे पहले विधायकों ने फडणवीस के नेतृत्व में आस्था और विश्वास को दोहराया। उन्होंने उनसे पद छोड़ने के बजाय पार्टी का अंदर से नेतृत्व करने का आग्रह किया। देवेंद्र फडणवीस ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद उन्हें डिप्टी सीएम के पद से मुक्त करने का प्रस्ताव वापस ले लिया है, जिन्होंने उन्हें पद पर बने रहने को कहा है। देवेंद्र फडणवीस ने बैठक में कहा कि मैं योद्धा हूं और जब तक महायुति का झंडा राज्य में नहीं फहरा देता, मैं नहीं रुकूंगा। मैं आपसे भी अपील करता हूं कि रूकें नहीं, बल्कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें। मैंने 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के लिए काम शुरू कर दिया है।

## भर्ती परीक्षाओं में खेल नहीं कर सकेंगे सॉल्वर गैंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने यूपी में सॉल्वर गैंग/पेपर लीक कराने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने को नया कानून तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक एवं सॉल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अपराध में शामिल हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने।

IYf, f¹ff¶fe

## आईआईटी खड़गपुर की सफलता, विश्व रैंकिंग में 222 वां स्थान

# देश के सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षा संस्थानों में चौथा स्थान

*आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं*

एजेंसी

**कोलकाता।** खड़गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने पिछले साल की तुलना में 49 पायदान की छलांग लगा कर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही संस्थान ने वैश्विक स्तर पर 222वां स्थान हासिल किया है। नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के अनुसार,



आईआईटी खड़गपुर अब आईआईटी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ और देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है। आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आईआईटी बॉम्बे पिछले साल के 149वें स्थान से 31 पायदान ऊपर चढ़ कर 118वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि आईआईटी दिल्ली ने 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया। क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में दुनिया भर के 1,503 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया और कुल पांच हजार 663 संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग का उद्देश्य अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय के प्रदर्शन को प्रोजेक्ट करना है, इसलिए उन्हें अगले वर्ष के लिए नामित किया गया है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के बयान में कहा गया है कि आईआईटी खड़गपुर ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, स्थिरता और प्रति संकाय उद्धरण जैसे मापदंडों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस संबंध में आईआईटी खड़गपुर के निदेशक प्रो. वीके तिवारी ने कहा, संस्थान ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत विनिर्माण प्रणाली और परिवहन, 5जी नेटवर्क, सुरक्षा इंजीनियरिंग और विश्लेषण, गुणवत्ता और विश्वसनीयता, सस्ती स्वास्थ्य सेवा, सटीक कृषि, खाद्य पोषण और स्मार्ट बुनियादी ढांचे के साथ वैश्वीकरण के मानकों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के राष्ट्र के संकल्प को बरकरार रखा है ताकि आत्मनिर्भर भारत में योगदान दिया जा सके। उन्होंने कहा, हमें डिजिटल अर्थव्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में अवसरों का लाभ उठाना होगा, मानव-मशीन तालमेल बनाकर तकनीकी विस्तार को बढ़ावा देना होगा।

# असम के सीएम सरमा ने 11 सांसदों के साथ किए रामलला के दर्शन

*नेहरू के बाद मोदी तीन बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, कहीं हार तो कही जीत लगा रहता है : हिमंता*

एजेंसी

**अयोध्या।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा ने 11 सांसदों के साथ शनिवार को रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सभी का मंदिर में स्वागत किया। इसके पहले, महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर डॉ. सरमा और 11 सांसदों का प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा और अयोध्या के



महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने पत्रकारों से कहा कि देश में लोकसभा की 543 सीटे हैं, कहीं हारेंगे कहीं जीतेंगे उसमें कोई इश्यू नहीं है। मोदी जी प्रधानमंत्री तो हो ही गए, मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इससे पहले पंडित नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे और अब मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मोदी चौथी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे।